CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 08 अंक : 53 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 13 अप्रेल, 2023 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 3.50 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

# मुख्यमंत्री को अनशन की नहीं टेंशन, महंगाई से आमजन को राहत दिलाने का है लक्ष्यः गहलोत

## कहा- भ्रष्टाचार पर सबसे ज्यादा कार्रवाई राजस्थान में, शिक्षा-स्वास्थ्य पर है फोकस

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बीजेपी राज के करप्शन के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के मुद्दे पर सचिन पायलट के अनशन के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पहली बार मीडिया से बात की। जब उनसे पायलट के अनशन को लेकर सवाल किया गया तो वे इसे टाल गए और कहा कि मेरा लक्ष्य फिलहाल महंगाई से राहत दिलाना है और सेवा करना है। लेफ्ट-राइट कहीं ध्यान जाता ही नहीं है। एआईसीसी ने ट्वीट किया है कि राज्य स्कीम्स में नेतृत्व दे रहा है, इससे बड़ा सौभाग्य क्या होगा।

### शिक्षा-स्वास्थ्य मेरी प्रायोरिटी

गहलोत ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य मेरी प्रायोरिटी है। यदि किसी प्रदेश में जनता को शिक्षा और स्वास्थ्य दे दो, तो बाकि काम स्वत हो जाएंगे। हमने सामाजिक सुरक्षा सेक्टर को भी चुना है। स्वास्थ्य के मामले में हम अभी देश के दूसरे राज्यों से बहुत पीछे हैं। कोरोना से हमने जो शुरुआत की, उसका फायदा लोगों को देना चाहते हैं।

### अनशन से पहले ही पार्टी विरोधी गतिविधि घोषित करने की सियासी चर्चाएं

सचिन पायलट प्रकरण में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा के लिखित बयान की भी राजनीतिक हलकों में खूब चर्चा है। सचिन पायलट के अनशन होने से पहले ही उसे पार्टी विरोधी गतिविधि घोषित कर दिया। आम तौर पर कोई घटना होने के बाद उसमें तय किया जाता है कि यह पार्टी विरोधी गतिविधि थी या नहीं, लेकिन इस मामले में पार्टी विरोधी गतिविधि घोषित करने में जल्दबाजी करने पर पायलट समर्थक नेता सवाल उठा रहे हैं। नेताओं के एक वर्ग का तर्क है कि 25 सितंबर को विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करने वालों पर एक्शन में वह तेजी नहीं दिखाई जो पायलट मामले में दिखाई है।



### पायलट के आरोपों पर कहा- करप्शन पर कार्रवाई के मामले में राजस्थान अव्वल

वसुंधरा सरकार के भ्रष्टाचार पर कार्रवाई को लेकर सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने में सबसे अव्वल है। यहां पर चार पांच आईएस, आईपीएस सहित कितने लोगों पकड़ा है, हिंदुस्तान में ऐसा हुआ है क्या? गहलोत ने कहा- अगर हम ज्यादा छापे डालते हैं तो नेगेटिव सोच वाले लोग हैं, वह कहेंगे कि करप्शन ज्यादा है। इसका मतलब छापे बंद कर दें। यह सोच बहुत गलत है। गौरतलब है कि पायलट ने वसुंधरा सरकार के भ्रष्टाचार पर कार्रवाई नहीं होने के आरोप

### 2700 महंगाई राहत कैंप लगाए जाएंगे

गहलोत ने कहा- 25 साल पहले जब मैं पहली बार सीएम था, उस वक्त लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी ही नहीं होती थी। मैं चुनावों के वक्त मीटिंग्स में हाथ खड़े करवाता था तो मुश्किल से स्कीम्स के बारे में कुछ लोगों को पता होता था। हम इसीलिए महंगाई राहत कैंप लगवाकर सरकारी योजनाओं को फायदा दे रहे हैं। पहले फेज में हम 700 कैंप लगा रहे हैं, बाद में 2700 कैंप और लगेंगे।

### कर्मचारियों को शेयर मार्केट के भरोसे नहीं छोड़ सकते

गहलोत ने कहा कि ओल्ड पेंशन स्कीम को आप देखिए, विशेषज्ञ मेरे खिलाफ आर्टिकल लिख रहे हैं। ओपीएस इसीलिए लेकर आए कि 35 साल सेवा कराने के बाद उसे मार्केट के भरोसे नहीं छोड़ सकते। लोग को यह विश्वसा दिलाना पड़ेगा कि हम उनके साथ खड़े हैं। प्रदेशवासी अगर ठान लें तो 2030 तक देश में हम नंबर वन हो सकते हैं। नागरिक ठान लें तो जीडीपी बढ़ते टाइम नहीं लगता। अकेले से नंबर वन नहीं बनेंगे। प्रदेश के हर नागरिक को भागीदारी निभानी होगी। आज हम बहुत पीछे हैं।

### पायलट को लेकर अंदरूनी खींचतान जारी

पायलट मुद्दे पर गहलोत के पक्ष में एआईसीसी (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) से बयान जारी होने पर भी कांग्रेस नेताओं का एक वर्ग सवाल उठा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश और कम्युनिकेशन सेल के प्रभारी पवन खेड़ा ने गहलोत के पक्ष में बयान जारी किए थे। सचिन पायलट ने जबसे बीजेपी राज के करप्शन पर कार्रवाई नहीं करने को लेकर अशोक गहलोत पर सवाल उठाए। कांग्रेस हाईकमान के नजदीकी नेताओं ने उनका पक्ष लेकर बयान देने शुरू कर दिए। गहलोत की तरफ से



एआईसीसी जवाब देती नजर आई है। सचिन पायलट की प्रेस कॉन्फ्रेंस के कुछ घंटों के बाद ही कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बयान जारी कर राजस्थान सरकार और गहलोत की तारीफ की। गहलोत की योजनाओं के बूते चुनाव में उतरने का जिक्र करते हुए पूरी तरह पक्ष में बयान दिया। उसके बाद पचन खेड़ा ने भी गहलोत का पक्ष लेते हुए कहा कि जांच तो चल रही है। विधायकों को खरीदकर चुनी हुई सरकार गिराने की साजिश में कौन-कौन बीजेपी नेता शामिल थे। उनके तार किनसे जुड़े हुए थे, जांच इसकी भी हो रही है।

# देश में पहली बार चली अंडर वाटर ट्रेन



### हुगली नदी के नीचे से होते हुए कोलकाता से हावड़ा पहुंची मेट्रो

जयपुर टाइम्स

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** भारत में पहली बार अंडर वाटर ट्रेन चली है। यह ट्रेन बुधवार को पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के नीचे से होकर कोलकाता से हावड़ा पहुंची। मेट्रो रेल के जीएम पी उदय कुमार रेड्डी ने इस ट्रेन में महाकरन से हावड़ा मैदान के बीच सफर किया। ट्रेन ने दिन में 11.55 बजे हुगली नदी को पार किया। हावड़ा पहुंचने पर ट्रेन की पूजा की गई। कोलकाता में जिस अंडरवाटर मेट्रो ट्रेन का परीक्षण किया गया है, वह हुगली नदी के पूर्वी तट पर एस्प्लेनेड और पश्चिमी तट पर हावड़ा मैदान को जोड़ती है। हावड़ा मेट्रो स्टेशन जमीन से 33 मीटर नीचे है और यह देश का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन है। हुगली नदी के नीचे 520 मीटर की जुड़वां सुरंग में बना यह अंडरवाटर ट्रेन का ट्रैक 4.8 किलोमीटर लंबा है। इस मेट्रो की सुरंग को बनाने में करीब 120 करोड़ रुपए का खर्च आया है। इस पर बीते एक साल से काम चल रहा था। कोलकाता मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन सियालदह से एस्प्लेनेड के बीच 2.5 किलोमीटर के ट्रैक का काम पूरा होने का इंतजार कर रहा है, इसके बाद ही इस पर रेगुलर ट्रेन शुरू की जाएगी।

#### 6 कोच की ट्रेन

कोलकाता मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि मेट्रो रेल के साल्ट लेक डिपो से एस्प्लेनेड तक एस्प्लेनेड और सियालदह के बीच ईस्ट बॉन्ड टनल के माध्यम से 2 ट्रेनें ट्रायल पर चलेंगी, जिनमें फिलहाल 6 कोच होंगे। रेड्डी ने कहा कि अगले कुछ महीनों तक ट्रायल किया जाएगा।

#### बैटरी से चलेगा इंजन

सियालदह से एस्प्लेनेड तक ट्रेनों को बैटरी इंजन से चलाया जाएगा, क्योंकि इसमें पटरियों पर इलेक्ट्रिफिकेशन नहीं किया गया है। कोलकाता मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने बताया है कि अगले कुछ महीने में ट्रेन नियमित चलने लगेगी। इसके साथ ही भारत भी उन देशों की सूची में शामिल हो जाएगा, जहां मेट्रो ट्रेन पानी के नीचे चलती है।

#### कोलकाता में ही चली थी देश की पहली मेट्रो

बता दें कि देश की पहली मेट्रो सर्विस भी साल 1984 में कोलकाता में ही शुरू हुई थी। इसके बाद दूसरी मेट्रो साल 2002 में दिल्ली में चलाई गई थी।

### राजस्थान की पहली वंदे भारत रेल का शुभारंभ

# राजस्थान की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण रेलवे दे विशेष महत्वः अशोक गहलोत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से विशिष्ट पहचान के कारण राजस्थान में रेलवे के विकास की सर्वाधिक आवश्यकता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में तेज गति से औद्योगिक विकास हुआ है। इस कारण यहां रेल सुविधाएं बढ़े तो प्रदेश अर्थव्यवस्था की दृष्टि से देश में अग्रणी बनेगा। गहलोत बुधवार को जयपुर रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत रेल के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में रेलवे का अहम योगदान है। आजादी के बाद रेलवे में आए बदलाव हमारे महान नेताओं की सोच, रेलवे के निष्ठावान कर्मचारियों और अधिकारियों की मेहनत का परिणाम है। रेलवे ने यात्री और माल परिवहन के साथ देश में प्राकृतिक आपदा और युद्ध के समय भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दी हैं।

### वन्दे भारत ट्रेन राजस्थान के लिए सौगात

इस अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरी झण्डी दिखाकर रेल को रवाना किया। गहलोत ने कहा कि वन्दे भारत ट्रेन राजस्थान के लिए एक बड़ी सौगात है। यह राजस्थान की प्रथम सेमी हाई स्पीड ट्रेन है, जिससे जयपुर से दिल्ली के बीच यात्रा का समय कम होगा। मुख्यमंत्री ने रेलमंत्री से आग्रह किया कि बांसवाड़ा, टोंक, करौली आदि मुख्यालयों को भी रेलवे सुविधाओं से जोड़ा जाए।




### डूंगरपुर-बांसवाड़ा-रतलाम परियोजना को दी जाए उच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि डूंगरपुर-बांसवाड़ा-रतलाम के बीच रेल सेवा के लिए राजस्थान सरकार और रेलवे बोर्ड के बीच एमओयू हुआ था। बांसवाड़ा में रेल लाइन का शिलान्यास भी किया गया था। पहली बार किसी राज्य सरकार की ओर से एक मेजर रेल प्रोजेक्ट के लिए भूमि सहित 1250 करोड़ रुपये दिए गए थे। लेकिन जनहित का यह काम आगे नहीं बढ़ा। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

### जैसलमेर-बाड़मेर को मुंद्रा व कांडला बंदरगाह से जोड़ा जाए

गहलोत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा और राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्व को देखते हुए जैसलमेर-बाड़मेर को मुंद्रा और कांडला बंदरगाह से जोड़ने के लिए नई रेल लाइन निर्माण की आवश्यकता है। यह नई रेल लाइन केंद्र सरकार के उपक्रम एचपीसीएल एवं राज्य सरकार के एमओयू के अनुरूप बाड़मेर में चल रहे रिफाइनरी के कार्य तथा पश्चिमी क्षेत्र के विकास की दृष्टि से काफी लाभकारी सिद्ध होगी।

### मेमू कोच फैक्ट्री स्थापना पर लिए जाएं सकारात्मक निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर से चित्तौड़गढ़ वाया अजमेर ब्रॉडगेज रेलवे मार्ग पर स्थित गुलाबपुरा (भीलवाड़ा) में मेमू कोच फैक्ट्री की स्थापना के लिए राज्य सरकार की ओर से 323 हेक्टेयर भूमि निःशुल्क आवंटित की जा चुकी है। उन्होंने आग्रह किया कि रेल मंत्रालय द्वारा गुलाबपुरा में मेमू कोच फैक्ट्री स्थापित करने के लिए सकारात्मक निर्णय लिया जाए। समारोह में सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, रेलवे के अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

# दिल्ली में राहुल गांधी से मिले नीतीश कुमारः कहा- ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को एकजुट करना है

जयपुर टाइम्स



**पटना(एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिले। यह मुलाकात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर हुई। मुलाकात के बाद नीतीश और राहुल ने मीडिया से बातचीत की। नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी विपक्षी एकता पर बात हुई है। ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को एक साथ लाने की कोशिश है। हमारी सकारात्मक बातचीत हुई है। राहुल गांधी ने कहा कि नीतीश जी की पहल बहुत अच्छी है। अपोजिशन को एक करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। देश पर आक्रमण के खिलाफ लड़ेंगे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मल्लिकार्जुन खड़गे, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और कांग्रेस बिहार अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह मौजूद रहे। 2024 आम चुनाव से पहले हो रही इस मुलाकात के बाद कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार यूपीए के संयोजक बनाए जा सकते हैं। नीतीश तीन दिन के दिल्ली दौरे पर हैं। नीतीश कुमार ने मंगलवार को दिल्ली में ही मीसा भारती के घर पर लालू यादव से भी मुलाकात की थी। नीतीश आज तेजस्वी यादव और राजश्री के घर भी पहुंचे। उन्होंने लालू की पोती कात्यायनी को गोद में लिया। इन नेताओं की मुलाकात देश की राजनीति के लिए अहम मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि आज विपक्षी एकता को लेकर कोई कदम उठाया जा सकता है। नीतीश कुमार पहले से भी विपक्षी एकता के समर्थक रहे हैं। वे पहले भी कांग्रेस को साथ लेकर चलने की बात कहते रहे हैं। कुछ विपक्षी पार्टियां उनके इस प्रस्ताव के खिलाफ हैं। आरजेडी और कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि नीतीश यूपीए के कुनबे को बढ़ा सकते हैं। नीतीश कुमार विपक्षी दलों को कांग्रेस की अगुआई के लिए राजी कर सकते हैं। जहां तक पीएम पद की दावेदारी की बात है, नीतीश पहले ही कह चुके हैं कि वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नहीं हैं और 2024 लोकसभा चुनाव के बाद ही नेता चुना जाएगा।

# राजस्थान में राइट टू हेल्थ कानून बनाः शिक्षा, खाद्य के बाद स्वास्थ्य का अधिकार देने वाला पहला राज्य बना

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में राइट टू हेल्थ विधेयक को राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को मंजूरी दे दी। इस विधेयक को लेकर राजस्थान में पिछले महीने डॉक्टर्स का बड़ा आंदोलन चला था। इसके बाद सरकार और डॉक्टर्स की वार्ता में 8 बिंदुओं पर सहमति बनने के बाद बिल को मंजूरी के लिए राज्यपाल को भिजवाया गया था। राजस्थान देश का पहला राज्य है, जहां लोगों को शिक्षा, खाद्य के बाद अब स्वास्थ्य का अधिकार मिलेगा। इस बिल के पास होने से मतलब है कि राज्य का कोई भी नागरिक बीमार होता है। उसे राज्य की सरकार और चुनिंदा प्राइवेट हॉस्पिटल को इलाज देना होगा। अगर उस व्यक्ति के पास पैसे नहीं हैं। फिर भी सरकार की ओर से इसके इलाज का खर्चा उठाया जाएगा। फिलहाल फ्री इलाज की सुविधा केवल सरकारी हॉस्पिटल में है। अगर आपातकालीन स्थिति में कोई मरीज या दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में भी पहुंचता है। उसे उस हॉस्पिटल की इमरजेंसी में प्राथमिक और जरूरी इलाज दिया जाएगा।

CMYK

## भाजपा का जनआक्रोश महाघेराव

# सभा के बाद भाजपा ने निकाली रैली, कलक्ट्रेट गेट पर हुई धक्का-मुक्की, पुलिस ने चलाई लाठियां

### सभा में प्रदेश कांग्रेस सरकार पर लगाए भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोप

जयपुर टाइम्स






**अलवर(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी अलवर की ओर से कंपनी बाग अलवर में बुधवार को जन आक्रोश महा घेराव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय संसदीय व्यस्त संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल व भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा थे। इसके पश्चात सभी भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक रैली के रूप में शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए जिला कलक्टर पहुंचे। जहां राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया लेकिन ज्ञापन से पहले ही हालात बिगड़ गए। जहां अलवर शहर विधायक संजय शर्मा और भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने खूब लाठियां बरसाई। बुधवार को गहलोत सरकार के खिलाफ जनाक्रोश प्रदर्शन चल रहा था। विधायक संजय शर्मा अपने समर्थकों-कार्यकर्ताओं के साथ बैरिकेड कूदकर कलक्ट्रेट में घुसने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस के साथ उनकी धक्का.मुक्की हो गई। वे एक कोने में जा गिरे। मामला बिगड़ता देख जवानों ने लाठीचार्ज कर दिया। शहर विधायक शर्मा की पिटाई के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल सहित तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलक्ट्रेट में ही धरने पर बैठ गए और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की मांग करने लगे। विधायक संजय शर्मा के साथ अलवर के सांसद बालकनाथ योगी सहित अन्य नेता वहीं धरने पर बैठ गए। संजय शर्मा ने कहा कि जब तक पुलिस वाले माफ़ी नहीं मांगेंगे तब तक धरने से नहीं उठेंगे। जब शहर विधायक पर लाठियां पडने् लगी तो बैरिकेड तोड़ कुछ कार्यकर्ता उन्हें बचाने वहां पहुंचे। कलक्ट्रेट के बाहर करीब एक घंटे तक धरने पर बैठे रहे। शाम करीब साढ़े चार बजे धरना खत्म हुआ। इधर एसपी आनंद शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने नेताओं के सामने सफाई दी कि जवान जयपुर से आए थे, इसलिए वो पहचान नहीं पाए। एसपी ने वीडियो के आधार पर चार जवानों को चिह्नित किया। इनमें कॉन्स्टेबल कमलेश, बनवीर, सुनील और अनिल शामिल हैं। उन्होंने एडीजी क्राइम को लेटर लिख इस घटना से अवगत कराया। इसके साथ ही सिपाहियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए भी लिखा है। इस लेटर की कॉपी देखने के बाद धरना खत्म हुआ था।

इससे पहले क पनी बाग में हुई सभा में सभा को पूर्व विधायक जसवंत यादव, हेम सिंह भड़ाना, ज्ञानदेव आहूजा, राम हेत यादव, बनवारी लाल सिंघल, मंगलराम, रमेश खिंची, मामन सिंह यादव, जयराम जाटव, मोहित यादव, महेंद्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर शर्मा, इंद्रजीत पाटा मौजूद रहे, इन्होंने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में देवी सिंह शेखावत, सोहन लाल सुलनिया, पवन जैन, रामअवतार चौधरी, शिवलाल मीणा, राजकुमार पंडा, देशराज वर्मा, चौहान, राजेंद्र सैनी, हरीश अरोड़ा, रवि यादव, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, जितेंद्र गोयल, पंडित जले सिंह, तरुण जैन, अभय बिधूड़ी, सुनीता सैनी, गोवर्धन सिसोदिया,महेश मीणा, रमन गुलाटी, मुकेश सांभरिया सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अलवर उत्तर जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह भाया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खैरथल क्रय- विक्रय सहकारी समिति लि के निर्विरोध अध्यक्ष बने रोहिताश्व चौधरी

जयपुर टाइम्स



**खैरथल(निसं.)।** क्रय विक्रय सहकारी समिति लि के अध्यक्ष पद के लिए कराए गए चुनाव में रोहिताश्व चौधरी ( राजवाड़ा वाले ) को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। समिति के मुख्य प्रबंधक रामस्वरूप संधु ने बताया कि निर्वाचन अधिकारी सहायक रजिस्ट्रार अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड राजेश भारद्वाज ने सभी आठ संचालकों के चुनाव संपन्न करवाने के बाद मंगलवार को समिति के अध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए मात्र एक रोहिताश्व चौधरी द्वारा पर्चा दाखिल कराया गया। जिस पर निर्धारित समय अवधि उपरांत निर्वाचन अधिकारी राजेश भारद्वाज द्वारा रोहिताश्व चौधरी को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। इससे पूर्व संस्था के मुख्यालय पर निर्वाचन अधिकारी सहायक रजिस्ट्रार अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड राजेश भारद्वाज द्वारा निर्वाचित संचालकों को निर्वाचित होने के प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर समर्थकों द्वारा नव निर्वाचित अध्यक्ष रोहिताश्व चौधरी सहित सभी संचालकों का साफा बांधने के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालक सुखराम बाबू ने बताया कि इसमें मुख्यतया पी सी सी सदस्य गिरीश डाटा, प्रहलाद मंगलानी, हीरालाल भूरानी, व्यापारी नेता महेश खंडेलवाल, रोहिताश्व,जटियाना के पूर्व सरपंच ओमप्रकाश भड़ाना,कमला गुर्जर, मनीषा चौधरी, सावित्री गुर्जर, कप्तान जाट, फूल सिंह भड़ाना, नत्थू राम लालवानी, रामधन प्रजापत, कुंदामल लख्यानी, सत्यनारायण शर्मा, गुर्जर समाज के जिला अध्यक्ष कर्ण सिंह, एल आई मोहरसिंह गुर्जर, एसीसीबी के शाखा प्रबंधक शेषनारायण शर्मा, ईश्वर सिंह, लेखराम पहलवान, वीरसिंह ढिल्लन, हीरालाल चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, जितेन्द्र चौधरी, पलटू राम चौधरी, वीरसिंह सैनी,एल आई सुन्दर सिंह, होशियार सिंह, बाबूलाल, महेश कुमार, अमित कुमार, रामसिंह यादव, पुरुषोत्तम पुरी, रामसिंह चौधरी, रामलाल जाट, रतनसिंह चौधरी आदि शामिल रहे।

## प्रतिष्ठान बंद रख व्यापारियों ने दिया धरना

### फल विक्रेता पर जानलेवा हमले का मामला

जयपुर टाइम्स



**खैरथल(निसं.)।** शहर के किशनगढ़ बास रोड स्थित बाजार हेमू कालाणी चौक पर फल विक्रेता दीपक उर्फ दीपू पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में मंगलवार को फल सब्जी विक्रेताओं ने हड़ताल रख सब्जी मंडी गेट पर धरना दिया। सब्जी मंडी आढ़त संघ के अध्यक्ष दुर्गादास परवाना व फल सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष धर्मदास गनवानी ने बताया कि भीड़ भरे बाजार में इस तरह वारदात होना बहुत गंभीर और चिंताजनक है। घटना के चार दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों को गिरफतार नहीं किया है। पुलिस में दर्ज मामले के अनुसार शनिवार देर रात हेमू कालाणी चौक पर फलों का ठेला लगाने वाले दीपक उर्फ दीपू से कस्बा निवासी मुनेश फल खरीदने आया। इसी बीच पैसों के लेनदेन को लेकर उनका विवाद हो गया।जो बाद में बड़े झगड़े में तब्दील हो गया। झगड़े में खुशाल दास, उसके बेटे तुलसी दास, दीपक उर्फ दीपू, उमेश आदि सहित बीच बचाव करने आने वाले दर्जन भर लोगों पर लाठियों से हमला कर दिया। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर काफी देर बाद पहुंची। इधर, किशनगढ़ बास डीएसपी जयप्रकाश बेनीवाल ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### धरना स्थल पर जनप्रतिनिधि भी पहुंचे

क्षेत्र की सब्जी मंडी गेट पर चल रहे व्यापारियों के धरने पर कांग्रेस व भाजपा के जनप्रतिनिधि भी पहुंचे और व्यापारियों की मांगों का समर्थन कर पुलिस से मामले को गंभीरता से लेने की बात कही। धरना स्थल पर पहुंचे जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर ने व्यापारियों से बातचीत कर घटना की जानकारी ली और आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इधर, पूर्व विधायक रामहेत यादव भी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस राज में अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं।

## ...तो ठेकेदार 20 अप्रेल से काम बन्द कर हड़ताल पर उतर आएंगे

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला सार्व जनिक निर्माण विभाग ठेकेदार संघ के जिलाध्यक्ष गोरधनलाल अग्र वाल ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि उनकी जायज मांगों को जनरअंदाज कर रही है। ऐसे में यदि उनकी मांगों पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो वे आगामी 20 अप्रेल को संपूर्ण रूप से काम बन्द कर विरोध में उतर आऐंगे। ये बात बुधवार को संघ की ओर से आयोजित पत्रकारवार्ता में जिलाध्यक्ष गोरधनलाल अग्रवाल ने कही। उन्होंने बताया कि संगठन की मजबूती के लिए राज्य सरकार के टैण्डारों का बहिष्कार किया जा चुका है। अब पुन उन्हें अपनी मांगें को लेकर सड़क पर उतरना पड़ेगा। सरकार उनकी आवाज को बलपूर्वक दबा नहीं सकती। उन्होंने सरकार द्वारा ठेकेदारों की जीएसटी की देय राशि डकारने का भी आरोप लगाया। अग्रवाल ने बताया कि जब प्रदेश सरकार ही टैक्स की चोरी कर रही है तो आम जनता के खिलाफ टैक्स चोरी की कार्रवाई सरकार क्या करती होगी। अग्रवाल ने यह भी सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य सरकार ना तो ठेकेदारों ओर ना केन्द्र सरकार को उनके हिस्से की राशि का भुगतान कर रही है। ठेकेदारों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों का जीएसटी का भुगतान करोड़ों रुपए का पिछले पांच सालों से बकाया चल रहा है। जिलाध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि उनके संगठन के समर्थन में सभी जिले के ठेकेदार भी साथ हैं। पत्रकार वार्ता में लोकेश धारवाल भिवाड़ी से रामदयाल दायमा सहित जिलेभर के सार्वजनिक निर्माण विभाग से जुड़े ठेकेदार संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आकस्मिक निरीक्षण कर अधिकारियों ने लिया मिड डे मील व बाल गोपाल दूध योजना का फ ीडबैक

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन पर प्रशासनिक अधिकारियों, उपखण्ड अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जिले की ग्राम पंचायतों में स्थित राजकीय विद्यालयों में पहुंचकर मिड डे मील एवं मुख्यमंत्री बाल गोपाल दूध योजना का आकस्मिक निरीक्षण किया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पूनम गोयल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालयों में उपस्थित विद्यार्थियों से मिड डे मील एवं मुख्यमंत्री बाल गोपाल दूध योजना की क्रियान्विति एवं योजना में गुणवत्तापरक दूध एवं खाद्यान्न वितरण एवं उनके शैक्षणिक स्तर का फीडबैक लिया। उन्होंने मिड डे मील के तहत बच्चो को मिलने वाले भोजन की स्वयं चखकर जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया योजना के तहत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण दूध एवं भोजन उपलब्ध कराया जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि विद्यार्थियों के सार्वभौमिक विकास हेतु उन्हें गुणवत्तापरक शिक्षा, खेल आदि का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिये कि विद्यालय की मरमत आदि की कार्ययोजना बनाकर विभाग को भिजवाए। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों, उपखण्ड अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा 13 अप्रेल को भी जिले की ग्राम पंचायतों में स्थित राजकीय विद्यालयों में पहुंचकर मिड डे मील एवं मुख्यमंत्री बाल गोपाल दूध योजना का निरीक्षण किया जाएगा।

## आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने की मनाई खुशी

जयपुर टाइम्स

**तिजारा(निसं.)।** आम आदमी पार्टी को चुनाव आयोग द्वारा राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिए जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में ज़बरदस्त खुशी का माहौल है। आम आदमी पार्टी राजस्थान द्वारा जगह-जगह उत्सव यात्रा निकालकर मिठाईयां बांटी तो कहीं पर केक काटकर खुशियां ज़ाहिर की गई। अलवर लोकसभा की तिजारा विधानसभा में कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी को माल्यार्पण कर साथियों के साथ केक काटा गया उसके बाद पार्टी झंडे के साथ मुख्य सड़क मार्ग से नारेबाज़ी करते हुए उत्सव यात्रा निकाली गई। अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मौसम खान ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि हमने बहुत कम समय के राष्ट्रीय पार्टी होने का दर्जा हासिल किया इसके लिए पुनः सभी बधाई। मौसम खान ने बताया कि आम आदमी पार्टी राजस्थान में होने वाले चुनावों में मजबूती से लड़ेगी और राजस्थान की जनता को मजबूत विकल्प देगी अलवर लोकसभा अध्यक्ष महेन्द्र मीना ने बाबा साहेब अंबेडकर जी को माल्यार्पण करने के बाद साथियों संग केक काटकर सभी को बधाई दी। मीना ने बताया कि आज देश को आम आदमी पार्टी के रूप में न सिर्फ राष्ट्रीय पार्टी मिली है बल्कि सही मायने में अरविंद केजरीवाल के रूप में ईमानदार व्यक्ति मिल गया है अब देश मे ईमानदारी और मुद्दों की राजनीति का बोलबाला होगा अब जनता अपने हक़ की बात करने वालों को चुनेगी। अरविंद केजरीवाल जी का सपना है कि जनता को उसकी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए इधर-उधर ना भटकना पड़े यानी अब बेईमानी की राजनीति का अंत होने वाला है यह जानकारी महेन्द्र मीना अलवर लोकसभा अध्यक्ष आम आदमी पार्टी राजस्थान ने दी।

## उपखंड स्तरीय जनसुनवाई आज

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)।** उपखण्ड के पंचायत समिति राजगढ़ में प्रातः 11.00 बजे उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जावेगा जनसुनवाई में क्षेत्रवासियों की विभिन्न जनसमस्याओं यथा पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, सडक, राजस्व एवं सरकारी योजनाओं आदि से संबंधित शिकायतों के संबंध में सुनवाई की जावेगी। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के मौके पर ही निस्तारण हेतु समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी, ब्लॉक मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग, अधिशाषी अभियन्ता जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, निदेशक कृषि विस्तार, सहायक अभियन्ता जल संसाधन एवं अन्य समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे।

## संभाग स्तरीय मेगा जॉब फेयर में मिला डिप्लोमा इंजीनियर्स को रोजगार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)।** राजकीय रामचंद्र खैतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जयपुर में जयपुर संभाग के डिप्लोमा इंजीनियरिंग के समस्त निजी एवं राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस , मैकेनिकल, सिविल ,आर्किटेक्चर, प्रोडक्शन ,आर ए सी इत्यादि ब्रांच के 500 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। जॉब फेयर में 20 कंपनियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को औसतन सालाना 2 लाख का पैकेज उपलब्ध कराया गया। संभाग स्तरीय मेगा जॉब फेयर में 106 विद्यार्थियों को रोजगार मिला। संस्थान के प्रधानाचार्य सैयद मसकूर अली ने बताया कि तकनीकी शिक्षा मंत्री के निर्देशों की पालना में तकनीकी शिक्षा के उत्थान के दृष्टिकोण को देखते हुए उक्त जॉब फेयर का आयोजन किया गया है। उक्त जॉब फेयर में विद्यार्थी जॉब पाकर उत्साहित नजर आ रहे थे। इस प्रकार के जॉब फेयर का आयोजन आगामी प्रत्येक बुधवार को दिनांक 3.5 .2023 तक करवाया जाएगा। रामकरण यादव सहायक निदेशक ने बताया कि आगामी जॉब फेयर दिनांक 19.4.23 को आयोजित किया जाएगा भविष्य में एम एन सी एवं स्थानीय कंपनियों को आमंत्रित कर प्लेसमेंट की संख्या बढ़ाकर डिप्लोमा के विद्यार्थियों को रोजगार के अधिक अवसर आईआईआई सेल उपलब्ध कराएगी।

## 13 अप्रेल को होने वाले उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई हेतु प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने राज्य सरकार की त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत 13 अप्रेल को आयोजित होने वाली ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण, प्राप्त परिवेदनाओं का राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर इन्द्राज कराने एवं राज्य सरकार द्वारा जारी आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित कराने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को उपखण्ड क्षेत्र आवंटित किए हैं।

उन्होंने बताया कि उपखण्ड क्षेत्र मुण्डावर के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर भिवाडी गुंजन सोनी, राजगढ व रैणी के लिए महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग प्रथम अलवर संजू शर्मा, रामगढ व गोविन्दगढ के लिए भू-प्रबंध अधिकारी उम्मेदी लाल मीणा, लक्ष्मणगढ़ के लिए जिला आबकारी अधिकारी ओमप्रकाश सहारण, नीमराणा के लिए सहायक निदेशक लोकसेवाएं श्वेता यादव, किशनगढ़बास के लिए रजिस्ट्रार मत्स्य यूनिवर्सिटी अलवर ज्योति मीणा, बानसूर के लिए बीडा भिवाडी की भूमि अवाप्ति अधिकारी सुमित्रा पारीक, कठूमर के लिए नगर विकास न्यास अलवर के विशेषाधिकारी योगेश डागुर, कोटकासिम व तिजारा के लिए बीडा भिवाडी की उप सचिव सुनीता यादव, बहरोड के लिए जिला परिवहन अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल तथा उमरैण व मालाखेडा के लिए सहायक कलक्टर अलवर नवज्योति कंवरिया को नियुक्त किया है।

## ब्रज भूमि कल्याण परिषद ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के अवसर पर सैनी छात्रावास में किया वृक्षारोपण.



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के उपलक्ष में , ब्रज भूमि कल्याण परिषद के द्वारा सैनी छात्रावास में सैनी समाज के साथ महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती के अवसर पर सैनी छात्रावास में शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई राष्ट्र भक्ति और हिंदू समाज को संगठित करने के नारे लगाए इस मौके पर ब्रज भूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता ने कहा कि हमें महात्मा ज्योति राव फूले और सावित्रीबाई फुले के आदर्शो से शिक्षा लेनी चाहिए और हमारे समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए उन्होंने कहा कि सभी जाति समाज के पूरोधाओ की जयंती और पुन्य तिथि पर सभी जाति समाज को भी शामिल होना चाहिए और उन्हें याद करना चाहिए जिससे सभी जाति समाज के मध्य समरसता का भाव पैदा हो और हिंदू समाज संगठित हो इस मौके पर उपस्थित लोगों ने 50 से अधिक पौधे सैनी छात्रावास में लगाए इस मोके पर ब्रज भूमि कल्याण परिषद की ओर से राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता, गीता परिवार के जिलाध्यक्ष अश्वनी जावली, ब्रज भूमि कल्याण परिषद के नगर अध्यक्ष यशवंत कुमार गुप्ता, जिलाध्यक्ष , उमराओ लाल सैनी, दर्जनों की संख्या में सैनी समाज के प्रमुख लोग, छात्रावास में रहने वाले छात्र व युवा तरुणाई उपस्थित रही।

## राजस्थान ने स्कूली शिक्षा में लगाई एक और लम्बी छलांग

# देश में सबसे अधिक 402 सरकारी विद्यालयों का हुआ पीएम श्री योजना में चयन

### शानदार स्कूल परिसर, सर्वाधिक नामांकन और शैक्षिक नवाचारों के दम पर दूसरे राज्यों को पीछे छोड़ प्रदेश बना सिरमौर

### टीम एजूकेशन के समर्पित प्रयासों से राष्ट्रीय स्तर मिली विशेष सफलता

### सभी चयनित सरकारी स्कूलों को मिलेगी दो-दो करोड़ रुपये की सौगात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की स्थापना, नामांकन में उत्तरोत्तर प्रगति, विद्यालयों के ढांचागत विकास एवं शैक्षिक नवचारों की सतत पहल एक बार फिर रंग लाई है। देश में शैक्षणिक विकास के कई पैरामीटर्स में अनवरत अव्वल प्रदर्शन के गौरव के बाद अब राजस्थान ने पीएम श्री योजना में भी सर्वाधिक सरकारी स्कूलों को चयन कराते हुए देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस योजना में प्रदेश के 21 हजार 356 सरकारी स्कूलों को बैंचमार्क विद्यालय माना गया है। इस योजना में ऑनलाइन आवेदन के बाद राष्ट्रीय स्तर पर वैरीफाइड विद्यालयों की श्रेणी में भी राजस्थान ने देश के अन्य बड़े राज्यों को काफी अंतर से पीछे छोड़ा है। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी कल्ला, शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती जाहिदा खान, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा श्रीमती अपर्णा अरोड़ा, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक डॉ. मोहन लाल यादव एवं शिक्षा निदेशक श्री गौरव अग्रवाल ने प्रदेश की इस विशिष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में नवाचारों से नामांकन में बढ़ोतरी एवं समग्र शैक्षणिक विकास के लिए लगतार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में यह उपलब्धि मील का पत्थर है, जो टीम एजूकेशन-राजस्थान के समर्पित एवं सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि पीएम श्री योजना के प्रथम चरण में राजस्थान के सबसे ज्यादा 402 सरकारी विद्यालयों का चयन किया गया है, इनमें माध्यमिक शिक्षा के 346 और प्राथमिक शिक्षा के 56 सरकारी स्कूल शामिल है। प्रदेश के कुल 718 स्कूलों को इस योजना में शामिल किया जाएगा, इसमें से राजस्थान ने पहले चरण में ही 56 प्रतिशत विद्यालयों का चयन कराते हुए विशेष सफलता प्राप्त की है। जुलाई माह में द्वितीय चरण में शेष स्कूलों का चयन प्रस्तावित है।

### इन बैंचमार्क पर अव्वल प्रदेश के सरकारी स्कूल

शिक्षा मंत्री डॉ कल्ला ने बताया कि इस योजना के सरकारी स्कूलों के चयन के लिए जो बैंचमार्क निर्धारित किए गए है, उनमें एलीमेंट्री सेटअप (कक्षा 1 से 5 एवं 1 से 8 तक) तथा सैकेण्डरी सेटअप (कक्षा 6 से 12 तक) में स्कूलों में नामांकन राज्य के औसत नामांकन से अधिक, अच्छी कंडीशन में विद्यालयों का पक्का भवन, बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, हाथ धोने के लिए अलग से सुविधा, सभी शिक्षकों के पास गाइडलाइन के अनुरूप आईडी कार्ड, बैरियर फ्री एक्सेस रैम्प, सुरक्षा पर फोकस, विद्युत कनेक्शन, लाइब्रेरी एवं खेलकूद गतिविधियों के लिए आवश्यक सुविधाएं जैसे पैरामीटर्स शामिल है। इनमें राजस्थान के सरकारी स्कूलों की स्थिति,योजना की गाइडलाइन के अनुसार प्राथमिक स्क्रूटनी (21 हजार 356 स्कूल), प्रथम चरण (402 स्कूल) और कुल चयन (718 स्कूल) में पूरे देश में अव्वल रही है, जो प्रदेश के लिए गौरव की बात है। डॉ. कल्ला ने बताया कि इस योजना में चयन के मानदंडों के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालयों के चयन के लिए स्क्रूटनी की गई तो प्रदेश के 21 हजार 356 विद्यालय बैंचमार्क पाए गए। राज्य के सरकारी विद्यालयों में नामांकन और नवाचारों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के लिए आवश्यक सुविधा एवं संसाधनों से परिपूर्ण स्कूल परिसर जैसे पैरामीटर्स पर यह संख्या भी पूरे देश में अव्वल थी। स्क्रूटनी में इतनी बड़ी संख्या में राज्य के सरकारी स्कूलों की पात्रता के बाद शिक्षा विभाग की टीम द्वारा एक खास मुहिम चलाते हुए योजना के ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदेश इन 21 हजार 356 बैंचमार्क विद्यालयों में से 21 हजार 317 सरकारी स्कूलों के स्वयं के स्तर से ही आवेदन कराया गया। इसके लिए राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के तहत अधिकारियों की एक विशेष टीम द्वारा सतत मॉनिटरिंग की गई।

### वैरीफाइड स्कूलों में भी राजस्थान ने अन्य राज्यों को काफी पीछे छोड़ा

शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती जाहिदा खान ने बताया कि इस योजना का ऑनलाइन पोर्टल 3 नवम्बर 2022 को शुरू हुआ था, इस पर आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2022 तक स्क्रूटनी में प्रदेश के बैंचमार्क सरकारी स्कूलों (21 हजार 356) की ओर से आवेदन कराने में भी राजस्थान देश में अव्वल रहा। इतना ही नहीं ऑनलाइन आवेदन के बाद राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान ने 13 हजार 931 सरकारी स्कूलों का सत्यापन कराते हुए देश के अन्य बड़े राज्यों को काफी पीछे छोड़ दिया। राजस्थान के बाद आंध्र प्रदेश के 7892, आसाम के 7776, उत्तर प्रदेश के 7054, महाराष्ट्र के 4848, कर्नाटक के 4700, पंजाब के 4632, मध्य प्रदेश के 3483, गुजरात के 2163 तथा उत्तराखण्ड के 1704 स्कूलों को ऑनलाइन आवेदन के बाद वैरीफाइड किया गया। मगर देश के ये राज्य इस मामले में राजस्थान से काफी पीछे रह गए।

### प्रथम चरण में जिलों के चयनित सरकारी विद्यालय

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक डॉ. मोहन लाल यादव ने इस योजना के प्रथम चरण में चयनित प्रदेश के 402 सरकारी स्कूलों में जयपुर के सर्वाधित 28 स्कूलों का चयन किया गया है। जोधपुर के 24, उदयपुर के 22 एवं बाड़मेर के 21 सरकारी स्कूल इसमें शामिल है। इसी प्रकार अलवर एवं नागौर के 18-18, भरतपुर एवं भीलवाड़ा के 15-15, अजमेर के 14, श्रीगंगानगर, चितौड़गढ़ एवं सीकर के 13-13, झुंझुनू के 12, बांसवाड़ा, दौसा एवं पाली के 11-11, बीकानेर, बारां, डूंगरपुर, जालौर एवं झालावाड़ के 10-10, करौली, कोटा, प्रतापगढ़ एवं हनुमानगढ़ के 9-9, टोंक, धौलुपर एवं राजसमंद के 8-8, चुरू, जैसलमेी एवं सवाईमाधोपुर के 7-7, सिरोही के 6 एवं बूंदी के 5 विद्यालयों का चयन हुआ है।

## पीएम स्वनिधि एवं इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** स्वायत शासन विभाग के शासन सचिव डॉ.जोगाराम की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि (पीएम स्वनिधि ) योजना एवं राज्य सरकार की इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ.जोगाराम ने निर्देश दिये कि इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार से प्रशासन शहरों के संग अभियान में युवाओं और बेरोजगारों को इन योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए बैंकों द्वारा प्रत्येक बुधवार को विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक व निजी बैंक के माध्यम से 10 हजार रुपए ब्याजमुक्त ऋण की सुविधा मिलती है। राज्य सरकार की इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना में शहरी क्षेत्र के पथ विक्रेताओं, असंगठित सेवा क्षेत्र के युवाओं तथा बेरोजगारों को योजना के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक व निजी बैंक के माध्यम से 50 हजार रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। बैठक में संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति सहित बड़ौदा बैंक,एसबीआई बैंक,पीएनबी ,यूनियन बैंक इंडियन बैंक, यूको बैंक, आईसीआईसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक व बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के राज्य स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा रूपबास का नगर पालिका अम्बेडकर भवन

जयपुर टाइम्स




**रूपबास(निसं.)।** भरतपुर जिले की रूपबास नगर पालिका अन्तर्गत बना अम्बेडकर भवन आज अपनी एक बदहाली पर आंसू बहाता नजर आ रहा है। खबर में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे इस नगर पालिका अम्बेडकर भवन पर आज नां तो किसी सामाजिक संगठन पदाधिकारी और किसी जन प्रतिनिधि की कोई ठोस नजर टिक रही है और नां ही किसी सम्बधित जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी की। भाजपा विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल के कार्यकाल में हुआ था इस भवन का निर्माण कार्य खबर में मिली जानकारी के अनुसार आज रूपवास नगर पालिका में गौरव पथ किनारे बने इस अम्बेडकर भवन का निर्माण कार्य क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक बच्चू सिंह वंशीवाल के कार्यकाल में हुआ था। एक ओर अम्बेडकर जयंती की जमकर हो रही तैयारी तो दूसरी ओर उसके नाम से बनी इस भवन की आज यह हालत खबर में हमारे स्थानीय संवाददाता अमित कुमार उन्देरिया रजौराखुर्द के अनुसार क्षेत्र में एक ओर 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती मनाये जाने को लेकर आज क्षेत्र वासियों द्वारा जोर- शोर जमकर तैयारी की जा रही है तो वहीं दूसरी ओर उसके नाम से बने इस भवन की बदहाल हालत आज बाबा साहब जयन्ती कार्यक्रम की शोभा को शर्मिदां कम रही है।

### शौचालय बिजली और फर्स पूरी तरह टूटा हुआ बदहाल

खबर में अंबेडकर भवन के अंदर बना शौचालय का टैंक बिजली और परिसर फर्स और चारदीवारी के साथ भवन का चारदीवारी का मैंन गेट टूटा पडा होकर आज पूरी तरह से खराब पडा नजर आ रहा है।

## राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 24 अप्रेल से महंगाई राहत कैंप हर पात्र व्यक्ति को मिलेगा योजनाओं का तुरंत लाभ

**जयपुर(कासं.)।** देश में बढ़ती महंगाई से प्रदेशवासियों को ससम्मान राहत दिलाने के लिए राजस्थान सरकार कृतसंकल्पित है। प्रदेश के हर पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का सुगमता से व सम्मानपूर्वक लाभ दिलाने के लिए 24 अप्रेल से महंगाई राहत कैंप आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में महंगाई राहत कैंप को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्रिपरिषद ने एक राय में कहा कि कैंप आमजन और वंचित वर्ग को महंगाई की मार से उभारने में मददगार साबित होंगे। बैठक में बताया गया कि संवेदनशील, जवाबदेह और पारदर्शी राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में 30 जून तक प्रत्येक ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड में 2-2 दिवसीय कैंप लगाए जाएंगे। इनमें पात्र लाभार्थियों को 10 योजनाओं में रजिस्ट्रेशन के बाद मौके पर ही गारंटी कार्ड/संशोधित स्वीकृति आदेश आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। योजनाओं का लाभ लेने के लिए कैंपों में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। प्रशासन गांवों/शहरों के संग अभियान के प्रत्येक शिविर में महंगाई राहत कैंप के विशेष काउंटर लगाएं जाएंगे। गांवों के संग अभियान के तहत 11283 ग्राम पंचायतों और शहरों के संग अभियान के तहत 7500 वार्डों में वार्डवार शिविरों में कैंप लगेंगे।

## खादिम उल हुज्जाज जाने के इच्छुक सरकारी सेवा में स्थाई सेवारत मुस्लिम अधिकारी और कर्मचारियों का होगा साक्षात्कार

**जयपुर(कासं.)।** हज कमेटी द्वारा हज यात्रा -2023 पर जाने वाले हज यात्रियों की खिदमत के लिए खादिम उल हुज्जाज (स्वयंसेवक) जाने के इच्छुक सरकारी सेवा में स्थाई सेवारत मुस्लिम अधिकारी और कर्मचारियों से 10 अप्रेल तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। राजस्थान स्टेट हज कमेटी के अधिशाषी अधिकारी महमूद अली खान ने निर्धारित योग्यताएं रखने वाले अभ्यर्थियों से ऑनलाईन किये गये आवेदन की स्वयं हस्ताक्षर की प्रति अपने विभागाध्यक्ष से अग्रेषित कराकर 13 अप्रेल को साय 05.30 बजे तक, राजस्थान स्टेट हज कमेटी, शासन सचिवालय, जयपुर को पहुँचाने की अपील की है ।इसके साथ ही योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों का 17 अप्रेल (सोमवार) को प्रातः 10:00 बजे से अध्यक्ष अमीनुद्दीन कागजी के कक्ष नं. 3005 भूतल, मुख्य भवन, शासन सचिवालय जयपुर में साक्षात्कार का आयोजन किया जाना निर्धारित है।

# शहरी क्षेत्रों में 31 दिसंबर 2021 तक बसी कच्ची बस्तियों का होगा सर्वे प्रशासन शहरों के संग अभियान में जारी होंगे

### पट्टे अब बहुमंजिला भवनों को मिलेंगे पीएचईडी से जल कनेक्शन - मुख्यमंत्री निवास पर राज्य मंत्रिमण्डल की अहम बैठक - कच्ची बस्तियों के निवासियों को पट्टे दिए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन - विभिन्न समाज के छात्रावास निर्माण के लिए भूमि आवंटन नीति-2015 में संशोधन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित हुई। इसमें कच्ची बस्तियों में पट्टों के वितरण, राजस्थान विधियां निरसन विधेयक 2023, विभिन्न सेवा नियमों, गौशालाओं और छात्रावासों के लिए भूमि आवंटन सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

### शहरों की कच्ची बस्तियों का होगा सर्वे, जारी होंगे पट्टे

प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में वर्ष 2004 में सर्वेशुदा कच्ची बस्तियों के अतिरिक्त 31 दिसंबर 2021 तक बसी नई कच्ची बस्तियों के सर्वे कर नियमित किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने ऐसे परिवारों को संबल प्रदान करने के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। इस निर्णय से प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत पट्टे वितरित किए जाएंगे। इससे कच्ची बस्तियों का सुनियोजित विकास सुनिश्चित होगा। सड़क, नाली, विद्युत एवं पेयजल की आधारभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा सकेगी।

### बहुमंजिला भवनों में पेयजल की समस्या का होगा निदान

मंत्रिमंडल ने बहुमंजिला भवनों में रहने वाले लोगों के लिए अहम फैसला लिया है। प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में बने ऐसे भवनों में निवासरत लोगों को पेयजल की समस्या नहीं आएगी। मंत्रिमंडल ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा प्रस्तावित नीति के प्रारूप का अनुमोदन किया है। अब इन्हें पीएचईडी की योजनाओं के तहत जल कनेक्शन जारी किए जाएंगे। अभी ये टैंकरों और भू-जल पर ही निर्भर है। इससे भू-जल का अत्यधिक दोहन होने के साथ कठिनाईयों का सामना भी करना पड़ रहा है। अब गुणवत्तायुक्त शुद्ध पेयजल व्यावहारिक दरों पर उपलब्ध होगा। इस नीति से जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण एवं पुनः उपयोग प्रणाली को प्रोत्साहन मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट 2023-24 में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

### छात्रावासों का वृहद् स्तर पर होगा निर्माण

भूमि आवंटन नीति-2015 में संशोधन मंत्रिमंडल ने राज्य के विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न उद्देश्य के लिए जारी की गई भूमि आवंटन नीति-2015 में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। इस निर्णय से अब विभिन्न समाजों के विद्यार्थियों हेतु छात्रावास निर्माण के लिए रियायती दर पर भूमि आवंटन हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि विभिन्न समाजों के विद्यार्थियों को छोटे गांवों से बड़े शहरों में अध्ययन के उद्देश्य से आना पड़ता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए अस्थाई आवासों की आवश्यकता कस्बों, नगरों एवं महानगरों में रहती है। इस स्वीकृति से अब विभिन्न समाजों के छात्रावासों का निर्माण हो सकेगा और ऐसे विद्यार्थियों को आवास की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

### 133 अप्रचलित और अनावश्यक विधियां होंगी निरस्त

राज्य में विद्यमान 133 अप्रचलित और अनावश्यक विधियां निरस्त की जाएगीं। मंत्रिमंडल ने कानूनों की समीक्षा के बाद ऐसी विधियों को निरस्त करने के लिए राजस्थान विधियां निरसन विधेयक 2023 का अनुमोदन किया है। यह विधेयक राजस्थान विधानसभा में रखा जाएगा। गौरतलब है कि इनमें 33 मूल अधिनियम (विनियोग अधिनियमों सहित) और 100 संशोधित अधिनियमों (केंद्रीय अधिनियमों में किए गए राज्य संशोधनों सहित) विधियां शामिल हैं। इनमें से कई विधियों का प्रयोजन पूर्ण हो चुका है तथा कई मूल अधिनियम भी अपनी प्रासंगिकता खो चुके है। मंत्रिमंडल ने मैसर्स अल्ट्राटैक सीमेंट लिमिटेड से राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2003 के अंतर्गत अधिक अनुदान/लाभ की वसूली पर देय ब्याज की दर 12 प्रतिशत निर्धारित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

राजस्थान पुस्तकालयाध्यक्ष और शारीरिक प्रशिक्षक अनुदेशक सेवा (महाविद्यालय शाखा) नियम, 2023 का अनुमोदन मंत्रिमंडल ने राजस्थान पुस्तकालयाध्यक्ष और शारीरिक प्रशिक्षक अनुदेशक सेवा (महाविद्यालय शाखा) नियम, 2023 का अनुमोदन किया है। नए नियमों से महाविद्यालयों में पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षक अनुदेशक के रिक्त पदों को भरा जा सकेगा। इन पदों पर कार्यरत कार्मिकों को कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत पदोन्नति का लाभ मिलेगा।

विधि विभाग में अब प्रूफ रीडर ग्रेड-1 का पद सीधी भर्ती की योग्यता संबंधी भिन्नता भी समाप्त मंत्रिमंडल ने विधि (संहिताकरण एवं प्रकाशन) विभाग शासन सचिवालय में प्रूफ रीडर-1 के पद का नाम प्रूफ रीडर ग्रेड-1 करते हुए राजस्थान अधीनस्थ सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम, 2001 में संशोधन किया है। इस संशोधन से प्रूफ रीडर के पद पर सीधी भर्ती की योग्यता संबंधी भिन्नता समाप्त हो जाएगी और इन पदों पर भर्ती की जा सकेगी। साथ ही, प्रूफ रीडर से हैड प्रूफ रीडर के पद पर पदोन्नति में शैक्षणिक योग्यता के समाप्त होने से डिप्लोमाधारी प्रूफ रीडर को भर्ती में पदोन्नति का लाभ मिल सकेगा। मंत्रिमंडल ने राजस्थान शिक्षा सेवा (महाविद्यालय शाखा) नियम, 1986 में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। इससे कॉलेज शिक्षा में आयुक्त या निदेशक का पद भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग में सम्मिलित होने से इन नियमों में विरोधाभास की स्थिति समाप्त हो जाएगी।

### उत्कृष्ट खिलाड़ियों के आरक्षण में तीन सेवा नियम शामिल

मंत्रिमंडल ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों के आरक्षण पर कार्मिक विभाग द्वारा विविध सेवा नियमों के संबंध में 21 नवम्बर 2019 को जारी अधिसूचना में संशोधन किया है। इससे राजस्थान मदरसा शिक्षा सहायक अधीनस्थ सेवा नियम 2013, राजस्थान विनिर्दिष्ट क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं अन्य सेवा की शर्ते) नियम 2014 और राजस्थान विद्यालय सहायक अधीनस्थ सेवा नियम, 2015 को अधिसूचना में शामिल किया गया है।

### स्व. रामनारायण चौधरी के नाम पर कृषि महाविद्यालय मण्डावा का नामकरण

मंत्रिमंडल ने झुन्झुनूं जिले के कृषि महाविद्यालय, मण्डावा का नामकरण स्व. रामनारायण चौधरी के नाम पर करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। इससे स्थानीय जनभावना का सम्मान होगा। संत परमसुख दास जी महाराज आश्रम (गौशाला) शिवराम सेवा समिति को गौशाला की स्थापना हेतु सांगानेर के जयसिंहपुरा गांव में 26,616.61 वर्गमीटर भूमि आवंटित होगी। मंत्रिमंडल ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

## राजकीय रामचंद्र खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज में संभाग स्तरीय जॉब फेयर का आयोजन,सौ से अधिक विद्यार्थियों को मिला रोजगार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजकीय रामचंद्र खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, में बुधवार को संभाग स्तरीय मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया।मेले में जयपुर संभाग के डिप्लोमा इंजीनियरिंग के निजी एवं राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स,कम्प्यूटर साइंस,मेकेनिकल,सिविल, आर्किटेक्चर, प्रोडक्शन,आर. ए. सी. इत्यादि ब्रांचों के करीब 500 विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। इस संबंध में राजकीय रामचंद्र खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जॉब फेयर में 20 कंपनियों ने हिस्सा लिया और 106 विद्यार्थियों को औसतन सालाना 2 लाख का पैकेज उपलब्ध करवाया। महाविद्यालय के अनुसार अब इस तरह के जॉब फेयर 19 अप्रेल सहित प्रत्येक बुधवार को 3 मई 2023 तक नियमित रूप से लगाए जायेंगे तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों को रोजगार के और अधिक अवसर उपलब्ध करवाए जायेंगे।

## लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाई



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) जयपुर जिला अजीत कुमार हिंगर के निर्देशन में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्र.स.1) सांभर लेक के निर्देशानुसार पैनल अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार चौपडा ने मोबाइल वैन को न्यायालय परिसर सांभरलेक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ग्राम पंचायत नोरगपुरा, काजीपुरा, खंडेल, जयसिंहपुरा, डयोढी, अणतपुर, मुडोती, रामजीपुरा, नांदरी, मुण्डिया, बासडी खुर्द, रलावता, बाघावास, लालासर आदि गांवों में जाएगी। राष्ट्रीय लोक अदालत व राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया। इस कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता गोपीचंद, आशीष कुमावत, मुकेश यादव, बोदूराम कुमावत, पैरा लीगल वालेंटियर रामस्वरूप जाट, तालुका विधिक सेवा समिति सांभरलेक के प्रभारी चांदमल सांभरिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पंचायती राज मंत्रालय कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश जारी

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निसं.)।** पंचायत समिति के मंत्रालयिक कर्मचारी बुधवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहे। संघ के रूपनारायण कुमावत ने बताया कि राजस्थान राज्य मंत्रालय कर्मचारी संघ के आव्हान पर पंचायत समिति सांभरलेक के सभी मंत्रालय कर्मचारी 10 अप्रैल से सामूहिक अवकाश पर चल रहे हैं। सामूहिक अवकाश पर जाने का ज्ञापन पूर्व में विकास अधिकारी को दिया था। उन्होंने बताया कि यदि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है तो संघ के आव्हान पर 17 अप्रैल से जयपुर में महापड़ाव में सभी कार्मिक शामिल होंगे। मंत्रालय कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश बुधवार को भी जारी रहा जिससे कार्यालय का कामकाज ठप रहा। इस दौरान मंत्रालय कर्मचारी ओम प्रकाश माली, सुरेश लोहरा, बाबू लाल मीणा, रूपाराम राव, ओम प्रकाश शर्मा, पेमाराम बटेश्वर, ओमप्रकाश मीणा, मन्नालाल वर्मा, ममता मीणा, मुकेश कुमावत, भागीरथ सिंह देवल, भंवरलाल, मंजू दूधवाल,ऋृाुराज सैनी, अजय गवारिया आदि कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहे।

## बागड़ा एवं प्रजापत समाज के नवनियुक्त अध्यक्षों का विधायक रामलाल शर्मा ने किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**चौमूँ (निसं.)।** नवनियुक्त बागड़ा ब्राह्मण बगरू इकाई के दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर बाबूलाल मेहता और प्रजापति विकास समिति चौमूं आमेर के नवनियुक्त अध्यक्ष गोपाल खाटूवाल (प्रजापति) का चौमूँ में भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने स्वागत और सम्मान किया। नवनियुक्त अध्यक्षों को विधायक रामलाल शर्मा ने माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। नवनियुक्त अध्यक्ष बाबूलाल बागड़ा और गोपाल प्रजापत ने विधायक रामलाल शर्मा का आभार जताया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष व पार्षद मुकेश मेहता, राम दयाल प्रजापत, रामगोपाल प्रजापत, रमेश प्रजापत, शंकर लाल प्रजापत, कैलाश प्रजापत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## लोहा मंडी योजना को लेकर व्यापारी हुए एकजुट

**जयपुर(कासं.)।** 20 साल से जेडीए में अटकी सीकर रोड लोहामंडी योजना के खिलाफ हार्डवेयर व्यापारी, बिजली व्यापारी, सैनिटी व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया है योजना में आ रही परेशानियों को लेकर जयपुर हार्डवेयर मर्चेंट एसोसिएशन , बिजली व्यापार संघ, जयपुर सेनेटरी डीलर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में राजस्थान चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष के एल जैन , फोर्टी कार्यकारी अध्यक्ष अरुण अग्रवाल , कांग्रेस कोषाध्यक्ष सीताराम जी



अग्रवाल को ज्ञापन दिया इसमें तीनों एसोसिएशन के पदाधिकारियों संयुक्त संघर्ष समिति सदस्य ने भाग लिया एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल जैन , राजकुमार जिंदल , मनीष गुलाटी ने बताया कि 2003 में जेडीए ने लोहा मंडी योजना में भूखंड आवंटित किए थे व्यापारियों ने योजना में संपूर्ण राशि एवं 20000 रुपए की डी डी जमा करा दी गई थी जिसका अब तक 20 वर्ष पश्चात भी भौतिक कब्जा नहीं दिया है यदि जेडीए द्वारा लोहा मंडी योजना में आ रही व्यापारियों की समस्याओं को तुरंत निस्तारण नहीं किया तो और भी संस्थाओं से मिलकर संयुक्त रूप से जेडीए के खिलाफ प्रदर्शन करेगी , जेडीए के बाहर बजाएंगे ढोल नगाड़े ताकि सोई हुई सरकार और जेडीए की नींद खुल सके एवं आवश्यकता पड़ी तो संस्था के सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए किसी भी स्तर तक जाएगी

## सम्पादकीय

### बेटियों की सेहत एक अहम पहलू

शिक्षा की सूरत बदलने को लेकर सरकारें समय-समय पर अनेक नीतिगत फैसले लेती रही हैं और नए कार्यक्रमों की घोषणा करती रही हैं। देश में हाशिये के तबकों के परिवारों की बच्चियों के स्कूलों तक पहुंच सकने के कितने स्तर रहे हैं, उनकी राहों में क्या बाधाएं रही हैं, यह जगजाहिर है। आजादी के बाद से समय-समय पर सरकारों ने लड़कियों की पढ़ाई-लिखाई को लेकर कई तरह की योजनाएं लागू कीं, नीतिगत फैसले किए। लेकिन आज भी कई ऐसे पहलू छूटे हुए हैं, जिनकी वजहों पर गौर करना बहुत जरूरी नहीं समझा गया और जिनके चलते बड़ी तादाद में स्कूली छात्राएं बीच में ही पढ़ाई छोड़ देती हैं। ये वजहें स्कूली पढ़ाई-लिखाई में गुणवत्ता के सवालों से इतर कुछ ऐसी स्थितियों से जुड़ी हो सकती हैं, जिन्हें निजी समस्याओं के तौर पर देखा जाता है, मगर वे स्कूली लड़कियों के जीवन और स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। मसलन, स्कूलों में लड़कियों के लिए साफ-सुथरे शौचालय से लेकर माहवारी जैसे कुछ बिंदु उनके लिए विशेष इंतजाम की जरूरत को रेखांकित करते हैं। इस लिहाज से देखें तो सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की ओर से राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को यह नोटिस जारी करना बेहद अहम है, जिसके तहत माहवारी स्वच्छता को लेकर एक स्पष्ट नीति बनाने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका में मांग की गई है कि स्कूलों में छठी से बारहवीं की लड़कियों को मुफ्त सैनिटरी पैड दिया जाए और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था की जाए। अनेक अध्ययनों में यह रेखांकित किया गया है कि स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच की कमी और माहवारी से जुड़े सामाजिक व्यवहार के कारण बहुत सारी लड़कियां स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देती हैं। शिक्षा की सूरत बदलने को लेकर सरकारें समय-समय पर अनेक नीतिगत फैसले लेती रही हैं और नए कार्यक्रमों की घोषणा करती रही हैं। लेकिन गुणवत्ता आधारित शिक्षा के सवाल के अलावा एक अहम पहलू यह है कि अगर इसमें लड़कियों की पढ़ाई-लिखाई निर्बाध जारी रहने के लिए जरूरी कारकों पर गौर करने के साथ इसमें मौजूद कमियों को दूर नहीं किया जाता है तो कोई बेहद अहम पहलकदमी भी आधे-अधूरे नतीजे देगी। यह सभी जानते हैं कि किशोरावस्था में लड़कियों को सेहत से जुड़ी किन जटिलताओं का सामना करना पड़ता है और उसके क्या कारण रहे हैं। सच यह है कि आबादी के एक बड़े तबके के बीच सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों से पार निकल कर किसी तरह स्कूल पहुंची लड़कियां माहवारी से उपजी दिक्कत, पीने के साफ पानी और शौचालय जैसी बुनियादी जरूरतों के अभाव से दो-चार होती हैं। माहवारी में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी प्रशिक्षण और संसाधनों के अभाव के चलते वे अपेक्षित सावधानी नहीं बरत पातीं। इसी तरह, स्कूलों में अलग शौचालय का अभाव उनके लिए एक बड़ी समस्या होती है। इसलिए स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग और स्वच्छ शौचालयों की व्यवस्था करने के साथ-साथ कम कीमत वाले सैनिटरी पैड मुहैया कराने पर एक समान नीति वक्त का तकाजा है। इसके समांतर, सरकार को इस सामाजिक जड़ता को दूर करने के लिए भी नीतिगत पहल करने की जरूरत है, जिसके तहत कई समुदायों में आज भी माहवारी को लेकर नकारात्मक धारणाएं हैं। इसका खमियाजा आखिर लड़कियों को ही भुगतना पड़ता है। दरअसल, कई बार दिखने में पारंपरिक चलन या सामान्य मानी जानी जाने वाली बातें समाज के एक बड़े हिस्से के लिए वंचना का काम करती हैं और यहां तक कि इनकी वजह से उनके अधिकारों का भी हनन होता है।

## आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद छोटे उद्यम



आजादी के समय भारतीय अर्थव्यवस्था गरीबी, बेरोजगारी, प्रतिव्यक्ति निम्न आय, निरक्षरता और औद्योगिक पिछड़ेपन की जकड़ में थी। स्वतंत्रता के बाद से लघु, सूक्ष्म और मझोले उद्योग एक लंबा सफर तय कर चुके हैं, पर भारत के औद्योगीकरण में एमएसएमई का योगदान कभी एक-सा नहीं रहा है। शुरुआती दशकों में एमएसएमई क्षेत्र की उच्च रोजगार क्षमता को देखते-समझते हुए भी, उनकी भूमिका को सही ढंग से पहचाना नहीं जा सका। जबकि एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए तेज और विशेष प्रयास की जरूरत थी। नए भारत में आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद एमएसएमई क्षेत्र ही बन सकता है। आजादी के समय भारतीय अर्थव्यवस्था गरीबी, बेरोजगारी, प्रतिव्यक्ति निम्न आय, निरक्षरता और औद्योगिक पिछड़ेपन की जकड़ में थी। यह स्वीकृत तथ्य है कि औद्योगीकरण के जरिए आर्थिक विकास की मजबूत बुनियाद पर बेहतर सामाजिक-आर्थिक लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। दो हजार वर्षों से अधिक का भारतवर्ष का गौरवशाली आर्थिक संपन्नता का इतिहास दरअसल, लघु उद्योगों के रूप में उद्यमिता, हस्तशिल्प और कौशल की परंपरा ही थी। भारत में नियोजन के शुरुआती दौर में लघु उद्योगों को नजरंदाज कर, बड़े उद्योगों के जरिए औद्योगिक विकास की कोशिशें हुईं, तो उसके अच्छे नतीजे भी दिखे। बाद में उदारीकरण तथा वैश्वीकरण के कारण बाजारवाद, निजीकरण और प्रतिस्पर्धी माहौल भी सामने आया। बड़े और भारी उद्योगों की सीमाएं भी दिखीं। गरीबी, बेरोजगारी और मुद्रास्फीति के मामलों में विफल साबित हुए। अनुकूल पूंजी-उत्पाद अनुपात तथा रोजगार की ऊंची संभावनाएं लघु उद्योगों की महत्वपूर्ण विशेषता है। शायद बहुत देर से औद्योगिक विकास में लघु उद्योगों की भूमिका को पहचानते हुए, इसके विकास की कोशिशें हुईं। समझना होगा कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना में इसे रफ्तार देने की जरूरत है। लघु उद्योग, आर्थिक विकेंद्रीकरण कर आय तथा संपत्ति की असमानताओं के साथ-साथ भौगोलिक असंतुलन को कम करते हैं। उपभोक्ताओं को विविधता और विकल्प उपलब्ध कराते हैं। स्थानीय ज्ञान और कौशल, कलात्मकता का कम पूंजी के साथ उपयोग करते हैं, साथ ही बड़े उद्योगों के सहायक उद्यम का भी कार्य करते हैं। भारत में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों यानी एमएसएमई को 'विकास का इंजन' और 'अर्थव्यवस्था का पावरहाउस' जैसे विशेषणों से नवाजा जाता है। समावेशी विकास में शायद सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका एमएसएमई क्षेत्र की हो सकती है। आज भारत में सवा छह करोड़ से अधिक एमएसएमई इकाइयों में ग्यारह करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त है।

> दो हजार वर्षों से अधिक का भारतवर्ष का गौरवशाली आर्थिक संपन्नता का इतिहास दरअसल, लघु उद्योगों के रूप में उद्यमिता, हस्तशिल्प और कौशल की परंपरा ही थी। भारत में नियोजन के शुरुआती दौर में लघु उद्योगों को नजरंदाज कर, बड़े उद्योगों के जरिए औद्योगिक विकास की कोशिशें हुईं, तो उसके अच्छे नतीजे भी दिखे। बाद में उदारीकरण तथा वैश्वीकरण के कारण बाजारवाद, निजीकरण और प्रतिस्पर्धी माहौल भी सामने आया।

एमएसएमई की जीडीपी में तीस फीसद तथा निर्यात में अड़तालीस फीसद से अधिक योगदान के साथ आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका है। एमएसएमई कुल औद्योगिक इकाइयों में पंचानबे फीसद से अधिक हिस्से के साथ भारत की सामाजिक-आर्थिक प्रगति की बुनियाद है। भारतीय अर्थव्यवस्था में एमएसएमई क्षेत्र की लगभग 6.34 करोड़ इकाइयों में से विनिर्माण क्षेत्र की इकाइयों का जीडीपी में 6.11 फीसद, सेवा क्षेत्र की इकाइयों का जीडीपी में 24.63 फीसद तथा सकल विनिर्माण उत्पादन में 33.4 फीसद योगदान है। एमएसएमई क्षेत्र ग्यारह करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करने के साथ भारत के कुल निर्यात में लगभग अड़तालीस फीसद योगदान करता है। लगभग इक्यावन फीसद एमएसएमई इकाइयां ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं, जिनमें बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यबल को संयोजित होने का अवसर उपलब्ध होता है। कुल एमएसएमई उद्यमों में निन्यानबे फीसद से अधिक सूक्ष्म उद्यम हैं। समावेशी विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन में इनकी विशेष भूमिका है। भारत में विशाल असंगठित कार्यबल को देखते हुए रोजगार की दृष्टि से एमएसएमई क्षेत्र की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। मगर पिछले कुछ वर्षों से एमएसएमई क्षेत्र लगातार अनेक प्रकार की गंभीर समस्याएं झेल रहा है। एशियाई विकास बैंक के अनुसार कोरोना महामारी के दौरान इस क्षेत्र में रोजगार तथा विक्रय राजस्व में काफी गिरावट आई। कच्चे माल की लागतों में बढ़ोतरी से तीस से पचास फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि यह क्षेत्र महामारी से पूर्व के स्तर तक पहुंचने को अब भी प्रयासरत है। अधिकांश एमएसएमई के पास लागतों में बढ़ोतरी की भरपाई करने के लिए पर्याप्त पूंजी नहीं है। बावजूद इसके, एमएसएमई क्षेत्र भारत के आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए औद्योगीकरण की ओर बढ़ रहा है। एमएसएमई क्षेत्र वैश्विक बाजार, डिजिटल कौशल विकास तथा किफायती उद्यम प्रौद्योगिकी के माध्यम से वैश्विक प्रतिस्पर्धी बाजार में खुद को स्थापित करने को तत्पर है। एमएसएमई क्षेत्र का विकास भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी जरूरत है, जो इसे वैश्विक आर्थिक संकटों तथा प्रतिकूलताओं को झेलने में ताकत तथा जुझारूपन प्रदान करता है।

*यह लेखक के निजी विचार हैं*

## विवेक की दृष्टि

अगर हम दर्शकों से पूछें कि किसी विशेष समाचार या चर्चा को देखने के बाद उन्हें क्या जानकारी मिली, क्या समझ में आया, तो वे पक्ष या विपक्ष में एक पक्ष लेंगे। लेकिन बहुत कम लोग वास्तव में यह जान पाएंगे कि समस्या क्या है या इससे निपटने के लिए अब क्या किया जाना चाहिए।किताब, पत्र-पत्रिका पढ़ने की छूटती आदत ने लोगों को एक तरह की अशांति और अस्थिरता के गर्त में धकेल दिया है। आज के समय में दर्शक उस चैनल को देखना चाहते हैं, जहां शोर-शराबा और जोर-शोर से चर्चा हो रही हो। अगर किसी टीवी चैनल पर शांतिपूर्ण तरीके से चर्चा चलती है तो दर्शक मान लेते हैं कि कोई मामूली बात है, इसलिए गरमागरम बहस नहीं हो रही है और इसलिए वे चैनल को बदल देते हैं। विडंबना यह है कि कार्यक्रम में जहां गरमागरम बहसें चलती हैं, ध्यान शायद ही कभी समझाने और मामले को समझने पर होता है। मुख्य बिंदु दोषारोपण का खेल बन जाता है, ताकि भागीदारों को गलत साबित किया जा सके या बस उनके साथ बहस की जा सके। दर्शक अब मुद्दे को समझना नहीं चाहते हैं। वे पहले मामले को जानने के बजाय किसी व्यक्ति की राय जानना चाहते हैं। अगर हम दर्शकों से पूछें कि किसी विशेष समाचार या चर्चा को देखने के बाद उन्हें क्या जानकारी मिली, क्या समझ में आया, तो वे पक्ष या विपक्ष में एक पक्ष लेंगे। लेकिन बहुत कम लोग वास्तव में यह जान पाएंगे कि समस्या क्या है या इससे निपटने के लिए अब क्या किया जाना चाहिए। कोई ऐसा संस्था होनी चाहिए जो टीवी के इन समाचारों की निगरानी करे और फिर सनसनी पैदा करने से रोके।

## हैलो।। हैलो।।

### हॉस्पिटल

| | |
|---|---|
| गवर्मेंट सैटेलाइट हॉस्पिटल, बनीपार्क | 2202449 |
| महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट | 2610616 |
| एसएमएस हॉस्पिटल | 2560291 |
| जनाना हॉस्पिटल | 2378721 |
| ईएसआई डिस्पेंसरी, मालवीयनगर | 2522724 |
| ईएसआई डिस्पेंसरी, प्रताप नगर | 2792594 |

### पुलिस

| | |
|---|---|
| कंट्रोल रूम, जयपुर सिटी | 2575715 |
| कंट्रोल रूम, जयपुर ग्रामीण | 2575774 |
| कंट्रोल रूम, यातायात | 2565630 |

### होटल-ट्यूरिज्म

| | |
|---|---|
| गणगौर | 0141-2371641, 2371642, 2371644, 2371646 |
| स्वागत | 0141-2200595, 2206701, 09950996242 |
| तीज | 0141-2205482, 2205473, 2203199, 09829058458 |
| होटल खासा कोठी | 0141-2375151, 4063000, 09414073182 |

### रोडवेज

| | |
|---|---|
| कंट्रोल रूम हैड ऑफिस | 0141-2373044 |
| सेंट्रल बस स्टैंड सिंधी कैंप | 0141-2207906, 2207912, 207913, 2207914 |
| डीलक्स बस आरक्षण | 0141-2205790 |
| ड्यूटी ऑफिसर प्लेटफार्म | 0141-2207907 |
| ड्यूटी ऑफिसर सिंधी कैंप | 0141I2207903 |

### रेलवे

| | |
|---|---|
| रेलवे पूछताछ | 131 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |

### हैल्प लाइन

| | |
|---|---|
| चाइल्ड हैल्प लाइन | 0141-2353997-1098 |
| बिजली हैल्प लाइन | 0141-2354900-1912 |
| ऑपरेशन गरिमा | 0141-2204475 |
| एनीमल हॉस्पिटल हैल्प लाइन | 0141-2373237 |
| हैल्प इन सफरिंग हैल्प लाइन | 0141-2760012 |

### ब्लड बैंक

| | |
|---|---|
| संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल | 0141- 2566251, 2574189 |
| सवाई मानसिंह हॉस्पिटल | 0141-256 02912 |
| स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक | 0141-2545293, 2721771 |

### अग्निशमन केन्द्र

| | |
|---|---|
| अग्निशमन हैल्पलाइन | 101 |
| बनीपार्क | 0141-2201898 |
| बाईस गोदाम | 0141-2211258 |
| घाट गेट | 0141-2615550 |
| विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र | 0141-2332573 |
| एम आई रोड | 0141-2375925 |

### सांस्कृतिक केन्द्र

| | |
|---|---|
| जवाहर कला केंद्र | 0141-2706560 |
| रविन्द्र मंच | 0141-2619061 |

### ट्यूरिस्ट प्लेस

| | |
|---|---|
| अल्बर्ट हॉल म्यूजियम | 0141-2570099 |
| आमेर फोर्ट | 0141-2530293 |
| बिरला प्लेनेटोरियम | 0141-2385094, |
| हवा महल | 0141-618862 |
| जंतर मंतर | 0141-2610494 |
| जयगढ़ फोर्ट | 0141-2274848 |
| नाहरगढ़ फोर्ट | 0141-5148044 |
| जयपुर जू | 0141-2680494 |
| राम निवास गार्डन | 0141-2617319 |
| साइंस पार्क | 0141-2304654 |
| सिटी पैलेस | 0141-2608055 |

### एम्बुलेंस

| | |
|---|---|
| एम्बुलेंस हैल्पलाइन | 108 |
| जेके लोन एम्बुलेंस | 0141-2619827 |
| महिला चिकित्सालय एम्बुलेंस | 0141-2601333 |
| एसएमएस एम्बुलेंस | 0141-2560291 |
| रेड क्रास एम्बुलेंस | 0141-2617214 |

### एयरलाइंस

| | |
|---|---|
| एयर अरेबिया | 0141-5115455 |
| इंडिगो एयरलाइंस | 0141-5119992 |
| एयर इंडिया सिटी | 0141-2744840, 2743500 |
| ओमान एयरवेज | 0141-4002041 |
| एयर अरेबिया 2378204 | 0141-2378501, |
| एयर इंडिया | 0141-2721333, 2721519 |
| गो एयर | 0141-6500803 |
| जेट एयरवेज | 0141-5112222 |
| स्पाइस जेट | 0141-5119882 |

### दुर्घटना थाना

| | |
|---|---|
| ईस्ट | 2587436 |
| वेस्ट | 2577717 |
| नॉर्थ | 2568721 |
| साउथ | 2575171 |

## महानगरों में बढ़ रहीं दमा की तकलीफें



नियमित रूप से प्राणायाम और सूर्य नमस्कार करने से दमा से राहत मिलती है। अधिक शारीरिक व्यायाम न करें। योगासन करना इस रोग में मददगार होता है। आजकल महानगरों में बढ़ते वायु प्रदूषण की वजह से लोगों में सांस संबंधी अनेक तकलीफें उभरने लगी हैं। अब तो छोटे बच्चों को भी सांस संबंधी परेशानियां पैदा हो जाती हैं। सांस संबंधी बीमारियों में सबसे अधिक दमा यानी अस्थमा से लोग परेशान हैं। दमा फेफड़ों की ऐसी बीमारी होती है, जिसके कारण व्यक्ति को सांस लेने में कठिनाई होती है। दमा होने पर श्वास नलियों में सूजन आने से श्वसन मार्ग सिकुड़ जाता है। जब यह सूजन बढ़ जाती है तो सांस लेने में कठिनाई के साथ-साथ खांसी, घरघराहट और सीने में जकड़न जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं। खांसी के कारण फेफड़े से कफ पैदा होता है, लेकिन उसको बाहर लाना कठिन होता है। आयुर्वेद में अस्थमा को तमक श्वास कहा गया है। यह वात और कफ दोष के विकृत होने से होता है। इसमें श्वास नलियां संकुचित हो जाती हैं, जिसके कारण छाती में भारीपन का अनुभव होता है। दमा यानी अस्थमा के कई प्रकार होते हैं। पेरिनियल अस्थमा, मौसमी अस्थमा, एलर्जिक अस्थमा, नान एलर्जिक अस्थमा, अकुपेशनल अस्थमा। एलर्जिक अस्थमा किसी विशेष चीज से एलर्जी होने की वजह से होता है, जैसे धूल, मिट्टी, धुआं, पराग कण के संपर्क में आते ही सांस फूलने लगती है। मौसम में बदलाव के कारण भी दमा हो सकता है। नान एलर्जिक अस्थमा अधिक तनाव होने या बहुत सर्दी या खांसी-जुकाम होने पर होता है। मौसमी अस्थमा पूरे वर्ष न होकर किसी विशेष मौसम में पराग कणों या नमी के कारण होता है। कारखानों में काम करने वाले लोगों को अकुपेशनल दमा हो जाता है। दमा या अस्थमा में सबसे पहले सांस लेने में तकलीफ होती है। इसके अलावा बार-बार खांसी आना, सांस लेते समय सीटी की आवाज आना, छाती में जकड़न तथा भारीपन, सांस फूलना, गले का अवरुद्ध और शुष्क होना, बेचैनी होना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। अस्थमा के मरीजों को बारिश, सर्दी और धूल से बचना चाहिए। घर से बाहर निकलते समय मास्क लगा कर निकलें। सर्दी के मौसम में धुंध में जाने से बचें। ताजा पेंट, कीटनाशक, स्प्रे, अगरबत्ती, मच्छर भगाने की दवा, खुशबूदार इत्र से जितना हो सके बचें। धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों से दूर रहें। इसके अलावा जीवनशैली और आहार में बदलाव करके भी दमा के प्रभाव को कम किया जा सकता है। दमा के रोगियों को गेहूं, पुराना चावल, मूंग, कुल्थी, जौ और परवल का सेवन करना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियां, पालक और गाजर का रस अस्थमा में काफी फायदेमंद होता है। लहसुन, अदरक, हल्दी और काली मिर्च को जरूर भोजन में शामिल करें, ये अस्थमा से लड़ने में मदद करते हैं। गुनगुने पानी का सेवन करने से दमा में आराम मिलता है। शहद का सेवन करें। मछली, गरिष्ठ भोजन, तले हुए पदार्थ न खाएं। अधिक मीठा, ठंडा पानी, दही का सेवन न करें।

## अंतहीन इच्छाओं का जाल




मनुष्य ने अपने विवेक, बुद्धि और श्रम से जीवन को बेहद सरल, सुखद और सुविधाजनक बना लिया है। यह सदी है विज्ञान की और बहुत सारे बदलते नए मूल्यों के बीच मानव की बुद्धि के विकास की भी है। हम जिधर भी नजर दौड़ाएं, हर चीज मनुष्य के विकास की कहानी कह रही है। लंबी-चौड़ी सड़कें, गगनचुंबी इमारतें, माल के रूप में मशहूर चमकते व्यावसायिक परिसर, सरपट दौड़ती आधुनिक गाड़ियां, बुलेट ट्रेन की तैयारी, पलों में गणना करता सुपर कंप्यूटर आदि। मनुष्य यहीं नहीं रुका है। 'इंटरनेट आफ थिंग्स', 'रोबोटिक्स', कृत्रिम मेधा यानी 'आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस' जैसी खोज ने तो मनुष्य को देवतुल्य ही बना दिया है। आज मनुष्य अपनी इन उपलब्धियों पर गर्व कर सकता है और अपनी पीठ थपथपा सकता है। वनमानुष की धारणा से आगे बढ़ते हुए आधुनिक मनुष्य बनने की यह यात्रा बेहद कठिन, दुष्कर और श्रमसाध्य रही है। इस लिहाज से देखें तो हम एक बेहतरीन और सुंदर दौर में जी रहे हैं। यों भी मनुष्य को ईश्वर की सबसे सुंदरतम कृति कहा जाता है। मनुष्य ने अपने विवेक, बुद्धि और श्रम से जीवन को बेहद सरल, सुखद और सुविधाजनक बना लिया है। लेकिन इसका दूसरा पक्ष भी है। इसमें चिंताजनक यह है कि जीवन की यह सरलता हमें धीरे-धीरे स्थायी दुखों और कष्टों की ओर ले जा रही है। हरे-भरे वृक्षों की जगह धुआं उगलती फैक्ट्रियां मनुष्य का दम घोंट रही हैं। धरती के स्वाभिमान के प्रतीक ऊंचे-ऊंचे पर्वत अब खदानों में परिवर्तित हो रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे धरती का सीना छलनी किया जा रहा है। कलकल की मधुर नाद करती नदियां कभी दिल में उतर जाती थीं। अब वे नालों में तब्दील हो रही हैं। कभी जीवनदायिनी रही नदियां अब बीमारियों और कई बार इसके जरिए मौत दे रही हैं। अधिक पैदावार के लोभ में प्रयुक्त कीटनाशक मनुष्य के शरीर में कैंसर का बीज बो रहे हैं। इंटरनेट, भूमंडलीकरण और जनसंचार के साधनों ने स्थान और दूरी की खाई को तो पाट दिया है, लेकिन रिश्तों की मिठास को फीका कर दिया है। आज एक ही घर कई टापुओं में विभक्त हो गया है। घर के सभी सदस्य एक ही कमरे में बैठकर भी अलग-अलग मोबाइल में झांक रहे होते हैं। सब अपने में गुम। किसी को किसी की परवाह नहीं। आज के युवा को रिश्तों में प्यार, समझ और परवाह से ज्यादा चिंता इस बात की होती है कि सोशल मीडिया पर उसकी किसी पोस्ट को कितने लाइक, टिप्पणियां मिलीं या उसके जरिए उसकी मित्र सूची में कितना इजाफा हुआ। ऐसा लगता है कि एक ही महाद्वीप में रहने वाले लोग विभिन्न देशों में विभक्त हो गए हैं, प्रत्येक देश थल और जलडमरुओं के माध्यम से अलग हो गए हैं। बाजारवाद और उपभोक्तावादी संस्कृति ने मनुष्य को स्वार्थी, आत्मकेंद्रित और संवेदनहीन बना दिया है। आज मनुष्य अंतहीन इच्छाओं के मकड़जाल में फंस गया है। एक कविता की पंक्तियां याद आती हैं- 'कुकुरमुत्तों की तरह उग आई बेहिसाब इच्छाएं/ बढ़ती ही जाती हैं चिनार के दरख्त से ऊंची और ऊंची।' संवेदनहीनता का आलम तो यह है कि दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति की तुरंत मदद करने के बजाय उसकी पीड़ा और कराह की तस्वीरें उतारी जाती हैं और वीडियो बनाए जाते हैं या फिर अनदेखा करके निकल लिया जाता है। शायद इसीलिए मुक्तिबोध ने एक जगह लिखा है- 'अब तक क्या किया/ जीवन क्या जिया/ बताओ तो किस-किसके लिए तुम दौड़ गए/ करुणा के दृश्यों से हाय! मुहं मोड़ गए/ बन गए पत्थर।' आज मनुष्य की स्वार्थलोलुपता ने इंसानियत को किनारे धकेल दिया है। जैविक, रासायनिक और आणविक हथियारों के विकास ने वैश्विक शांति को ही खतरे में डाल दिया है। मौजूदा दौर में रूस-यूक्रेन युद्ध इसका जीवंत प्रमाण है। दो देशों का यह युद्ध कब विश्वयुद्ध में बदल जाए, कहा नहीं जा सकता। इस युद्ध ने हजारों लोगों को शरणार्थी बनने पर मजबूर कर दिया है। युद्ध के परिणाम सदैव विध्वंसकारी होते हैं। इसमें किसी भी पक्ष की पूर्ण विजय असंभव है। कहा जाता है कि महाभारत का युद्ध न्याय के लिए ही लड़ा गया था, लेकिन पांडव विजयी होकर भी पराजित ही रहे। इसी संदर्भ में धर्मवीर भारती ने लिखा है- 'टुकड़े-टुकड़े हो बिखर चुकी मर्यादा/ उसको दोनों ही पक्षों ने तोड़ा है। पांडव ने कुछ कम कौरव ने कुछ ज्यादा जो कुछ सुंदर था, शुभ था, कोमल था वह ढह गया/ द्वापर का युग बीत गया।' मनुष्य विकास की जिस राह पर निकल पड़ा है, उसे आवश्यकता है चिंतन, मनन और ठहराव की। इंसानी समाज को थोड़ा ठहर कर एक बार फिर से सोचना होगा कि विकास की कौन-सी कीमत वह अदा कर रहा है। कहीं वह मनुष्य होने की पहचान तो नहीं खो रहा। विकास जरूरी है, पर सत्य यह भी है कि विकास की यह प्रक्रिया भले ही अनवरत चले, लेकिन सर्वे भवंतु सुखिन सर्वे संतु निरामया की संस्कृति सदैव सुरक्षित रहे। यह याद रखना अगर अभी जरूरी नहीं समझा गया तो बाद में याद करना पड़ेगा कि प्रकृति और संवेदनाएं जब तक वास्तविक रूप में मनुष्य के पास हैं, तभी तक वह आगे बेहतर मनुष्य बनता रहेगा।

*ये लेखक के निजी विचार हैं*

# जूनियर एनटीआर वॉर 2 से बॉलीवुड में नहीं करेंगे डेब्यू!

इस समय हर तरफ यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की चर्चा हो रही है, क्योंकि बैक टू बैक कई बड़े ऐलान हुए हैं। हाल ही में खबर आई किवॉर 2 कोब्रह्मास्त्र के डायरेक्टर अयान मुखर्जी डायरेक्ट करेंगे। इसके बाद ये रिपोर्ट आई कि ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ के साथ जूनियर एनटीआर भी होंगे। ये सुनकर फैंस की एक्साइटमेंट कई गुना बढ़ गई, लेकिन अब एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जो इस एक्साइटमेंट को खत्म कर सकती है। वो ये कि साउथ स्टार जूनियर एनटीआर इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे! जानकारी के मुताबिक, जब भी किसी बड़े प्रोजेक्ट की घोषणा होती है तो एक्टर्स की मार्केटिंग टीम उत्साहित हो जाती है। यशराज फिल्म्स की वॉर के सीक्वल की खबर आने ही वाली थी किसनसनीखेज खबर सुनी कि जूनियर एनटीआर, ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ के साथ कास्ट में शामिल होंगे। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने बताया,लेकिन क्या शामिल हो वॉर 2 अभी केवल एक आइडिया है। सीक्वल के लिए कोई स्क्रिप्ट नहीं है तो इसमें किसी एक्टर को कैसे कास्ट किया जा सकता है? प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा द्वारा तय किया गया है कि अयान मुखर्जी इसे डायरेक्ट करेंगे। इसके अलावावॉर 2 के लिए अभी कुछ नहीं है। ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 और 3 को पूरा करने के बाद ही अयान इस प्रोजेक्ट को शुरू करेंगे।वॉर 2 की शूटिंग 2025 के अंत तक शुरू नहीं होगी।इस बीच हैदराबाद में छुट्ट हअत्र के एक करीबी सूत्र ने रिपोर्ट पर रिएक्शन देते हुए कहा,तुम पागल हो? एनटीआर अपने बॉलीवुड डेब्यू के रूप में कभी भी दो-हीरो वाली फिल्म का हिस्सा बनने के लिए सहमत नहीं होंगे।





# दोबारा मां बनना चाहती हैं भारती सिंह

**हाल ही में करीना कपूर ने अपने चैट शो 'व्हाट वीमेन वांट' में भारती सिंह को गेस्ट के तौर पर होस्ट किया। करीना और भारती ने शो पर अपने फेवरेट फूड से लेकर बच्चों तक बात की। साथ ही भारती कॉमेडियन होने की जर्नी पर भी बात की।**

भारती ने अपने बेटे लक्ष्य (गोला) पर भी बात की। भारती ने कहा कि वो चाहती हैं कि उनका बेटा बहुत जिद्दी और नखरे करने वाला बच्चा हो। इतना जिद्दी हो कि कभी-कभी उन्हें शर्मिंदा भी होना पड़े। शो पर एक गेम की तरह करीना ने भारती को कुछ सिचुएशन दी थी। इसी गेम के एक राउंड में करीने ने भारती को जिद्दी और नखरेबाज बच्चों को रेट करने के लिए कहा था। इस बात का जवाब देते हुए भारती ने कहा- अच्छे लगते हैं मुझे जिद्दी बच्चे! मैं चाहती हूं मेरे बच्चा मॉल में लेटे ऐसे करके..मेरी इंसलट हो! इस बातचीत के दौरान भारती ने मजेदार अंदाज में बताया कि वो दोबारा मां बनना चाहती हैं। लेकिन, इस बार उन्हें बेटी चाहिए। उन्होंने कहा कि क्या आप ऐसे किसी डॉक्टर को जानते हैं जिसके पास लड़की पैदा करने का कोई इंजेक्शन हो। पिछले साल अप्रैल में भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया का बेटा हुआ था। हाल ही में उन्होंने अपने बेटे गोला का पहला बर्थडे मनाया था। वहीं करीना कपूर ने शो के दौरान अपने बेटे तैमुर और जेह का जिक्र किया। जल्द ही करीना कपूर 'द क्रू', 'द डीवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स' और 'बंकिंघम मर्डर्स' जैसी फिल्मों में नजर आएंगी।



# सलमान के लुंगी पहनकर डांस करने पर मचा बवाल

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की फिल्मकिसी का भाई किसी की जान का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के कई धमाकेदार गाने रिलीज हो चुके हैं। हाल ही फिल्म का गानायेंतम्मा रिलीज हुआ है। इस गाने में सलमान खान लुंगी पहनकर डांस करते दिख रहे हैं। गाने में सलमान खान के साथ साउथ सुपरस्टार राम चरण और वेंकटेश भी नजर आ रहे हैं। रिलीज के बाद से हीयेंतम्मा गाना सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। फैंस इस गाने को काफी पसंद भी कर रहे हैं। लेकिन साउथ के दर्शकों ने इस गाने पर आपत्ति जताई है। साउथ फैंस सलमान के लुंगी पहनकर डांस करने से नाराज हो गए हैं। लोगों का कहना है कि गाने में साउथ इंडियन कल्चर का अपमान किया गया है। गाने में सलमान खान और बाकी मेल कलाकार साउथ के त्योहारों की पारंपरिक पोशाक वेस्ती (धोती) पहने दिख रहे हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर लक्ष्मण श्रीरामाकृष्णन ने इस पर आपत्ति जताई है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, यह हमारे साउथ इंडियन कल्चर का बहुत अपमान करने जैसा है। यह लुंगी नहीं है, यह धोती है। यह एक क्लासिकल आउटफिट है जिसे बहुत ही घटिया ढंग से दिखाया गया है। वहीं तमिल फिल्म क्रिटिक प्रशांत राणागस्वामी ने भी सलमान के डांस वीडियो का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा, ये किस प्रकार का स्टेप है? ये लोग वेस्ती को लुंगी बता रहे हैं और घटिया डांस कर रहे हैं। बिलकुल बकवास। बता दें कि सलमा खान द्वारा निर्मित, सलमान खान फिल्म्स प्रोडक्शन किसी का भाई किसी की जान फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित है।

# मिनी माथुर ने कहा इंडियन आइडल है स्क्रिप्टेड



हाल ही में सोनी टीवी के लोकप्रिय रियलिटी शो इंडियन आइडल का 13वां सीजन समाप्त हुआ है। इस सीजन को अयोध्या के ऋषि सिंह ने अपने नाम करने में सफलता प्राप्त की। इस सीजन को विशाल ददलानी, हिमेश रेशमिया और नेहा कक्कड़ जज कर रहे थे। वहीं, आदित्य नारायण इसे होस्ट कर रहे थे। सोनी टीवी के इस शो को बहुत ज्यादा पसन्द किया जाता है। हालांकि यह शो विवादों में भी काफी रहता है। इस शो पर आरोप लगते रहे हैं कि टीआरपी के लिए सबकुछ स्क्रिप्टेड होता है। अब इंडियन आइडल की होस्ट रह चुकीं मिनी माथुर ने शो को लेकर कुछ बातें कहीं हैं। मिनी माथुर ने इंडियन आइडल के 6 सीजन को होस्ट किया है। उन्होंने फिर शो को होस्ट करना बंद कर दिया था। हाल ही में मिनी माथुर ने एक पॉडकास्ट के दौरान शो को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि जब वो शो को होस्ट करती थीं वह सभी कंटेस्टेंट के टच में रहती थीं और उन्हें घर पर भी बुलाती थीं। लेकिन जब शो का ध्यान कंटेस्टेंट्स से हटा तो उन्हें अच्छा नहीं लगा। मिनी माथुर ने कहा, मैंने शो को तब छोड़ा जब मुझे महसूस हुआ ये रियलिटी शो रियल नहीं रहा। मैंने 6 सीजन होस्ट किए। उसके बाद ये शो सिर्फ पैसे कमाने के लिए था। मैं ऐसे बनावटी रियलिटी शो की तारीफ नहीं कर पाई। मिनी माथुर ने ये भी बताया कि इंडियन आइडल स्क्रिप्टेट होने लगा। एक किस्सा बताते हुए उन्होंने बताया कि एक बार कंटेस्टेंट को रिश्तेदार को देखकर चौंकने वाला रिएक्शन देना था, जबकि उसे पता था कि उसका रिश्तेदार आने वाला है। मिनी माथुर ने हेमा मालिनी और धर्मेंद का जिक्र करते हुए कहा, एक दिन मेरे प्रोड्यूसर ने मुझसे कहा कि हेमा मालिनी और धर्मेंद्र आ रहे हैं, उनका मोमेंट करना है। मैंने कहा कि मोमेंट करते हैं या होता है। क्या आप इन चीजों को मेरे एक्सपीरियंस पर छोड़ सकते हैं? वह ऐसी चीज थी जो मैं नहीं करने वाली थी।

# डबल मीनिंग गानों पर सिंगर अलका ने दिया जवाब



सिंगर अलका याग्निक ने हाल ही में बताया कि उन्होंने अपने करियर में कई ऐसे डबल मीनिंग गाने गाए हैं, जिनके मतलब उन्हें रिकॉर्डिंग के दौरान नहीं पता थे। वो गानों के मतलब से पूरी तरह अंजान रहती थीं। इस बात का पता उन्हें उनके दोस्तों से चला, जिसके बाद उन्होंने गानों के लिरिक्स पर ध्यान देना शुरू किया। म्यूजिक इंडस्ट्री के पुराने दौर को याद करते हुए अलका ने बताया कि एक वक्त था जब म्यूजिक इंडस्ट्री में डबल मीनिंग गानों का चलन था। बातचीत के दौरान अलका ने कहा-यकीन करें या न करें मैंने उस तरह के कई गाने गाए हैं, बिना इस चीज की समझ के कि मैं क्या गा रही हूं। अलका ने आगे कहा-मैं अक्सर वो गाने गाया करती थी, जिसके बारे में मुझे लगता कि यह बढ़िया होगा।' जब मैं गाने के बारे में अपने दोस्तों को बताती थीं, तो वो समझाते थे कि मैं गाने का असल मतलब नहीं समझ रही। अलका ने बताया कि बाद में उन्होंने लिरिक्स पर गौर करना शुरू किया। जब कभी भी नया गाना आता था, तो वो पहले कहती थीं कि गाने लिरिक्स भेजिए। उसे चेक करने के बाद ही गाना गाएंगी। अपने पॉपुलर गाने 'चोली के पीछे क्या है' का जिक्र करते हुए अलका ने बताया कि रिकॉर्डिंग से पहले तक उन्हें इस गाने के शुरुआती बोल नहीं पता थे, क्योंकि ओपनिंग लाइन इला अरुण ने गई थी। अलका ने कहा-मुझे रिकॉर्डिंग के एक दिन पहले बुलाया गया था। मेरी लाइन थी चोली में दिल है मेरा, चुनरी में दिल है मेरा, जिसे मैंने रिकॉर्ड किया।

# फीमेल एक्ट्रेस को अभी भी नहीं मिलते पॉवरफुल किरदार



वेटरन एक्ट्रेस हेमा मालिनी का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में अभी भी फीमेल एक्ट्रेस को पॉवरफुल रोल नहीं मिल रहे हैं। हेमा का मानना है कि मेल एक्टर्स को फीमेल एक्टर्स की तुलना में आज भी ज्यादा काम मिलता है। हेमा के मुताबिक,आज भी कोई राइटर एक्ट्रेसेस को दिमाग में रखकर कोई स्टोरी नहीं लिखता। हेमा ने अमिताभ बच्चन का उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ स्टोरीज सिर्फ उन्हीं को दिमाग में रखकर बनाई जाती है। इतनी लग्जरी सिर्फ उनके ओहदे वाले स्टार को ही मिल सकती है।

पावरफुल रोल मेल एक्टर्स के लिए रिजर्व होता है

हेमा मालिनी हाल ही में बातचीत कर रही थी। वहां उनसे पूछा गया कि आज कल के आने से महिला कलाकारों को मजबूत रोल मिल रहे हैं। अभी भी फिल्मों में पावरफुल रोल मेल एक्टर्स के लिए रिजर्व कर लिया जाता है। हेमा के मुताबिक, बिग बी के लिए जैसे रोल लिखे गए.. वो मुझे नहीं लगता किसी फीमेल एक्टर के लिए कभी लिखे गए हो। बता दें कि हेमा और अमिताभ बच्चन ने 2003 में फिल्म बागबान में साथ काम किया था। इस फिल्म को ऑडियंस ने काफी पसंद किया था।

**ऐसे रोल के इंतजार में हूं, जो मुझे चैलेंज कर सके**

हेमा का कहना है कि वो पिछले 6 दशकों से एक्टिंग फील्ड में हैं लेकिन अभी भी ऐसे रोल के इंतजार में हैं जो उन्हें चैलेंज कर सके। उनका कहना है कि ऐसे रोल उन्हें आज किसी ने ऑफर नहीं किया। हेमा ने कहा, अगर मुझे ध्यान में रखकर कोई रोल ऑफर करेगा तो मुझे ये करने में काफी अच्छा रहेगा। मुझे लगता है कि मेरे पास इतनी काबिलियत है कि मैं ऐसे किरदारों के साथ न्याय कर सकूंगी।

**हेमा के बारे में राजकपूर की भविष्यवाणी सच साबित हुई**

हेमा मालिनी को फिल्म इंडस्ट्री में ड्रीम गर्ल के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बेहद कम उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। 1968 में आई फिल्म सपनों का सौदागर से उन्होंने फिल्मों में डेब्यू किया था। हालांकि उन्हें पॉपुलैरिटी मिली फिल्म.. जॉनी मेरा नाम से। इसके बाद में उन्होंने शोले, सीता और गीता, ड्रीम गर्ल, क्रांति और अंधा कानून जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया। हेमा **मालिनी के लिए एक बार राजकपूर ने कहा था कि ये लड़की एक दिन बहुत बड़ी सुपरस्टार बनेगी।** शायद राजकपूर की ये बात सच भी साबित हुई।

# थिएटरों से भागते दर्शकों पर बोलीं सोनाली

इंडियाज बेस्ट डांसर्स सीजन 3 को जज कर रहीं सोनाली बेंद्रे करीब एक दशक के लंबे ब्रेक के बाद एक बार फिर से इंडस्ट्री में नई पारी खेल रही हैं। सोनाली ने बताया कि क्यों उन्होंने बॉलीवुड से इतना लंबा ब्रेक लिया था। उन्होंने अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में बताया कि आखिर क्यों लोग आज सिनेमाघरों की तरफ रुख नहीं कर रहे। ऐक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे ने अपने तीन दशक के लंबे करियर में कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। इसका कारण उनका रचनात्मक कहानियों का चुनाव रहा है।हम साथ-साथ हैं की डॉक्टर साहिबा का मानना है कि आज के समय में सेहत और रिश्ते सबसे कीमती हैं। सोनाली को लगता है कि इंडस्ट्री इस समय बदलाव के दौर से गुजर रही है और एक दिन समय बदलेगा। आने वाले दिनों में उनके पास कई प्रॉजेक्ट हैं लेकिन उनका सारा ध्यान दमदार कहानियों पर ही है। जल्द वहइंडियाज बेस्ट डांसर्स सीजन-3 में बतौर जज नजर आएंगी।

**बेटे के लिए लिया था लंबा ब्रेक**

एक दशक तक बॉलिवुड से दूरी बनाने के सवाल पर सोनाली बेंद्रे ने कहा कि मुझे उस दौरान लगा कि बेटे को मेरी जरूरत है। दरअसल है क्या, जब आप कोई फिल्म करते हैं तो उसमें आपको किरदार में डूबना होता है। साथ ही कई और भी चीजें होती हैं। मैं उस वक्त अपने बच्चे के साथ समय बिताना चाहती थी। मुझे पता था कि मैं काम और जिम्मेदारी के बीच न्याय नहीं कर पाऊंगी। ऐसे में पर्सनल और प्रफेशनल लाइफ में सामंजस्य बैठा पाना मुश्किल होगा। इस लिहाज से मैंने उस पीरियड में ब्रेक लेना जरूरी समझा।

**सेहत और रिश्ते सबसे कीमती हैं**

इंडस्ट्री से मिली सबसे बड़ी सीख पर सोनाली कहती हैं कि कोई भी समय एक सा नहीं रहता। अगर आपके अच्छे दिन चल रहे हैं तो वह बदल भी सकते हैं और बुरे दिन आएंगे तो वह भी एक दिन दूर हो जाएंगे। दुनिया गोल है, जहां आप घूम-फिरकर फिर उसी जगह आ जाते हैं और उन्हीं लोगों से मिलते हैं। मैंने यही सीखा है कि अच्छे रिश्ते बनाइए। आपकी सेहत और रिश्ते से ज्यादा कीमती दुनिया में कोई भी चीज नहीं। नया सीखते रहिए और जीवन में आगे बढ़ते रहिए।

**सच स्वीकारने के लिए तैयार रहें**

किसी भी इंडस्ट्री को देखिए, उसमें एक समय बाद चुनौतियां आती हैं। ऐसा इसलिए होता क्योंकि ये बदलाव का वक्त है। मुझे लगता है कि हमारी इंडस्ट्री भी इस समय बदलाव के दौर से गुजर रही है। अगर हम उसे स्वीकार नहीं करेंगे तो आगे नहीं बढ़ पाएंगे।



# वनवे में जैकलीन व जायद खान के साथ नजर आएंगी चाहत खन्ना

एक वक्त था जब हिन्दी फिल्म उद्योग में रामसे ब्रदर्स के नाम का डंका बजता था। रामसे ब्रदर्स की हॉरर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर होती थी। उन्होंने कई फिल्मों का निर्माण किया। लम्बे समय से रामसे ब्रदर्स के नाम से कोई फिल्म बाजार में नहीं आई है। लेकिन अब इस परिवार के फिल्म निर्माता श्याम रामसे की बेटी साशा रामसे बतौर निर्देशक सामने आ रही हैं। इन दिनों वे फिल्म वन वे का निर्देशन कर रही हैं, जिसके जरिये संजय खान के बेटे अभिनेता जायद खान बॉलीवुड में वापसी करने जा रहे हैं। इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस भी मुख्य भूमिका में हैं और एकता कपूर के सोप ओपेरा बड़े अच्छे लगते में दिखाई दी चाहत खन्ना भी नजर आएंगी। बड़े अच्छे लगते हैं की एक्ट्रेस चाहत खन्ना ने जैकलीन फर्नांडीस अभिनीत फिल्म वन वे का हिस्सा बनने के लिए अपनी खुशी साझा की। उन्होंने कहा कि वह विभिन्न अवसरों की खोज करने और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं निभाने के लिए उत्सुक हैं। वन वे एक सुपरनेचुलर थ्रिलर है, जिसमें मैं हूं ना एक्टर जायद खान भी हैं और फिल्म निर्माता श्याम रामसे की बेटी साशा द्वारा निर्देशित है। फिल्म में, चाहत एक महिला की भूमिका निभा रही हैं, जो जैकलीन फर्नांडीस द्वारा निभाए गए किरदार की मेंटॉर है। इसके अतिरिक्त चाहत इन दिनों यात्री नामक फिल्म भी नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि दोनों फिल्में एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं और इसी बात से चाहत खुश हैं। चाहत यात्री नाम की एक और फिल्म में भी नजर आने वाली हैं। इन प्रोजेक्ट्स के बारे में बात करते हुए, चाहत ने कहा, मुझे अलग-अलग माध्यमों में काम करने में मजा आता है।



# राजस्थान शिक्षक एवं पंचायती राज कर्मचारी संघ ने सीएम व शिक्षा मंत्री के नाम एसडीएम को सौंपे ज्ञापन

## तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरणों से प्रतिबंध हटाकर जल्द तबादला प्रक्रिया शुरू कर ढाई लाख शिक्षकों को राहत दी जाए



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजस्थान शिक्षक एवं पंचायती राज कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा के निर्देश पर सरमथुरा शाखा के पदाधिकारियों ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण शुरू करने सहित शिक्षक संवर्ग की महत्वपूर्ण समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपे। संगठन की सरमथुरा इकाई के सभाध्यक्ष महावीर सिंह पेलावत, ब्लॉक अध्यक्ष संतराम मीणा व प्रवक्ता राजू सेन के नेतृत्व में सरकार को भेजे तीन सूत्रीय मांग पत्र में लिखा है कि सरकार के साढ़े चार वर्ष पूरे हो चुके हैं । लेकिन तृतीय श्रेणी शिक्षक प्रबोधक संवर्ग के स्थानांतरण ,तबादला नीति बनाने एवं उसे लागू करने के नाम पर एक भी बार नहीं किए गए हैं । यही नहीं टीएसपी एवं प्रतिबंधित जिलों में एक दशक से पदस्थापित शिक्षक भी अपने गृह जिलों में जाने की उम्मीद लम्बे समय से राज्य सरकार से लगाए बैठे हैं। लेकिन उन्हें भी केबल आश्वासन ही मिले हैं। जबकि अन्य सभी श्रेणी के शिक्षकों ,कर्मचारियों के सरकार की ओर से लगातार बड़ी संख्या में तबादले किये जाते रहे हैं। दूसरी ओर तृतीय श्रेणी शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। सरकार के इस दोहरे रवैया के कारण शिक्षक संवर्ग के सबसे बड़े कैडर में सरकार के प्रति बेहद आक्रोश पनप रहा है। संघ ने सरकार से जल्द तृतीय श्रेणी शिक्षकों केतबादलों से रोक हटा कर शिक्षकों से आवेदन लेकर टीएसपी व प्रतिबंधित जिलों सहित सभी तृतीय श्रेणी शिक्षक संवर्ग के स्थानांतरण शुरू करवाये जाने की मांग की है। संघ के प्रवक्ता राजू सेन के मुताबिक ज्ञापन में उल्लेख किया है कि शिक्षा विभाग की ओर से वाइस प्रिंसिपल के पदों को शत प्रतिशत पदोन्नति से भरने के एकतरफा प्रावधान लागू कर राज्य के हजारों तृतीय श्रेणी व द्वितीय श्रेणी शिक्षकों के आगे बढ़ने के अवसर समाप्त कर उनके समान अधिकारों का हनन किया गया है। संगठन ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से उप प्रधानाचार्य के पदों हेतु लागू सेवा नियमों में संशोधन कर 50 फीसदी सीधी भर्ती व 50 फीसदी पदोन्नति के प्रावधान लागू कराए जाने का आग्रह किया है। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में हंसराम मीणा,कमल सिंह मीणा, राकेशकुशवाह,मानसिंह मीना, अर्चना मीना,कल्पना बंसल, ज्योत्सना भारद्वाज ,रामरती मीना,कविता,प्रगति गोयल, विनीता मीना, अर्चना मित्तल ,जितेंद्र जाटव, मंजू मीणा, असलम जैदी, ज्ञान सिंह मीणा , भारत सिंह प्रजापत, हेमराज गुर्जर,अजय सिंह राजपूत , सुभाष सेन ,गोविंद पराशर ,नलराम मीणा, अरबाज जैदी, सरिता,मंजू कुमारी, नानकराम माली, जयप्रकाश मीणा, रामनिवास शर्मा ,नरेंद्र मीणा ,सोनपाल प्रजापति, जगदीश मीणा, धर्मपाल ,विजय गुर्जर,सहित बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी शिक्षक मौजूद रहे।ब्लॉक अध्यक्ष संतराम मीणा व महामंत्री भारत सिंह मीना ने बताया कि सीएम को भेजे ज्ञापन में लिखा है कि राज्य सरकार की ओर से साल में दो बार कार्मिकों को पदोन्नति करने के प्रावधान लागू किए गए हैं। लेकिन दुर्भाग्य से शिक्षा विभाग में वरिष्ठ अध्यापक, व्याख्याता आदि संवर्ग को पिछले तीन सत्रों से पदोन्नतियां नहीं दी गई हैं। ऐसे में हजारों शिक्षकों को समय पर पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पा रहा है।संघ ने शिक्षा विभाग में अति सीघ्र विभिन्न शिक्षक संवर्गों की पिछले सत्रों की बकाया डीपीसी एक साथ करा कर शिक्षक वर्ग को राहत दिलाये जाने का अनुरोध किया है।

## ब्राह्मण समाज राजाखेड़ा की बैठक हुई सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा धौलपुर(निसं.)।** ब्राह्मण समाज राजाखेड़ा की बैठक का आयोजन कस्बे की परशुराम धर्मशाला में हुआ जिसमें बैठक की अध्यक्षता ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पवन उपाध्याय ने की जिसमें आगामी 22 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर बैठक हुई बैठक में समाज के वरिष्ठ जनों ने बताया कि भगवान परशुराम का जन्मोत्सव राजाखेड़ा ब्राह्मण समाज बड़ी धूमधाम से मनाएगा जिसमें विधि विधान से हवन पूजन भी किया जाएगा साथ ही बताया कि चिरंजीवी भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर हवन पूजन पति-पत्नी के जोड़े के साथ किया जाएगा जिसके लिए समाज के सभी वरिष्ठ एवं युवा अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास करें। बैठक में इस दौरान ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ उत्तम दीक्षित ,कैलाश चिहार, मधुसूदन शर्मा, दिलीप पाराशर, गौरीशंकर उपाध्याय, मिश्रीलाल सैंथिया, प्रदीप उपाध्याय, रामावतार पचौरी, श्रीकांत मुदगल,मोहन उदैनिया,आशीष शर्मा नटवर,अवधेश,नरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## स्लग-सड़क हादसे में एक कि मौत, एक घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** एंकर-सवाई माधोपुर जिले के रवाजना डुंगर थाना क्षेत्र के लालसोट-कोटा मेगा हाईवे स्थित मुई की प्याऊ के पास बीती रात एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाईक को टक्कर मार दी ,हादसे में बाईक चाक की मौके पर ही मौत हो गई ,जबकि बाईक सवार एक अन्य युवक घायल हो गया । सूचना पर मौके पर पहुंची रवाजना डुंगर थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में कर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया ,वही घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया , घायल की गम्भीर हालत के चलते चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जयपुर रैफर कर दिया । रवाजना डुंगर थान की कुस्तला चौकी के प्रभारी एएसआई भरत लाल ने बताया कि विगत रात रात लालसोट कोटा मेगा हाईवे स्थित मुई की प्याऊ के पास एक ट्रैक्टर टॉली ने बाईक को टक्कर मार दी ,हादसे में बाईक सवार दीपक उर्फ दीपू गुर्जर पुत्र गोपीचंद निवासी डोला की झोपड़ी रवाजना की मौत हो गई। जबकि बाईक सवार अंकित पुत्र रेवड़मल गंभीर घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल भर्ती करवा गया ,घायल की हालत गंभीर होने से चिकित्सकों द्वारा उसे जयपुर रैफर कर दिया गया । वहीं मृतक दीपक के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया । पुलिस द्वारा सुबह मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया । मृतक के भाई प्रदीप द्वारा रवाजना डुंगर थाने में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तेज गति एंव लापरवाही से ट्रैक्टर चलकर बाईक को टक्कर मारने का आरोप लगाते मामला दर्ज करवाया गया है , जिसे लेकर पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है ।

## आमजन में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश

जयपुर टाइम्स




**सवाई माधोपुर(निसं.)।** राजस्थान सरकार द्वारा कर्मठ और होनहार युवाओ के लिए सरकारी कामकाज और आमजन के बीच सामंजस्य सिखाने, लोगो की वास्तविक समस्याओ से रूबरू होकर उन्हें सुलझाने के लिए सरकार तक सेतु का कार्य करने के लिए और जन कल्याण की योजनाओ को आमजन तक पहुँचाने के लिए राजीव गाँधी युवामित्र इन्टर्नशिप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में इन्टर्नशिप कार्यक्रम की समीक्षा एवं बैठक ली। बैठक में जिला कलक्टर ने युवामित्रों से उनके द्वारा किए गए अब तक के कार्य की समीक्षा की एवं आमजन को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण योजनाओं जैसे-मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना, मुख्यमंत्री वृद्वजन पेंशन सम्मान योजना, पालनहार आदि समस्त फलेगशिप योजनाओ को आमजन तक जानकारी पहुँचाने एवं लाभ दिलाने हेतु निर्देश दिए। बैठक में सहायक निदेशक सांख्यिकी विभाग अजय शंकर बैरवा ने बजट 2023-24 में योजनाओ में किए गए बदलावो जैसे चिरंजीवी बीमा 10 लाख से बढाकर 25 लाख, दुर्घटना बीमा 5 से बढाकर 10 लाख, निशुल्क अन्नपुर्णा राशन किट (दाल, नमक, तेल, चीनी व मसाले), उज्जवला व बीपीएल को 500 रूप्ये में गैस सिलेण्डर, न्यूनतम पेंशन 1000, पालनहार में 6 वर्ष तक की आयु में 500 से बढाकर 750 व 6 से 18 वर्ष की आयु में 1000 से बढाकर 1500 व मुख्यमंत्री किसानमित्र उर्जा में 1000 रूपये के अनुदान को बढाकर 2000 यूनिट फ्री व घरेलु उपभोक्ता को 50 से बढाकर 100 यूनिट बिजली फ्री कर राहत दी गयी है। महिलाओ के लिए आई एम शक्ति उडान योजना के तहत किशोरियों को 12 फ्री नेपकीन उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही बजट में इंदिरा रसोई योजना के अन्तर्गत 2000 ग्रामीण कस्बों में 8 रूपए में भोजन उपलब्ध करवाये जाने का प्रावधान किया गया है। बैठक में सांख्यिकी विभाग के अधिकारी रामबिलास प्रजापत, मुन्ना लाल मीना, रामकरण मीना, रामेश्वर महावर, धर्मसिंह मीना, वरूण मिश्रा ए0एस0ओ0., संगीता मीना व राजीव गांधी युवा मित्र मौजूद थे।

## खान श्रमिकों की समस्याओं को लेकर शिविर का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** जिला विधिक प्राधिकरण भीलवाड़ा,सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग एवं खान मजदूर सुरक्षा अभियान ट्रस्ट के सहयोग से बुधवार को ग्राम पंचायत आरोली रसदपुरा में खान श्रमिकों व सिलिकोसिस पीड़ित खान मजदूरों की समस्याओं को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 खान श्रमिको ने भाग लिया।सिलिकोस प्रमाण पत्र को ऑफ़लाइन से ऑनलाइन डिजिटल प्रमाण पत्र की मांग की गई।सिलिकोसिस पेंशन मृत्यु के बाद दी जाने वाली सहायता राशि पालनहार सिलिकोसिस जांच करवाने में आ रही परेशानी बताया गया। जिला विधिक प्राधिकरण से पीएलवी राम बाबू ने सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित खान श्रमिको की समस्याओं को सुना और कानूनी जानकारियां दी।खान मजदूर सुरक्षा अभियान के भीलवाड़ा जिला कोर्डिनेटर रामदेव भाट ने सिलिकोसिस पीडितों को सरकार योजनाओं की जानकारी दी। सेसराम मीणा विधिक प्राधिकरण बिजौलियां, ई- मित्र संचालक सोयब अख्तर,राजस्थान बरड़ खान मजदूर संघ भीलवाड़ा अध्यक्ष दिलीप सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता हनुमान, यमुना प्रसाद, मनोहर लाल व रामचरन उपस्थित रहे।

## मर्सी रिहवेलिशन सेल्टर होम का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव श्वेता गुप्ता ने मर्सी रिहवेलिशन सेल्टर होम सवाई माधोपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने निरीक्षण के दौरान संस्थाओं में स्टॉप की स्थिति, आवासित बालकों को दी जाने वाली सहायता, चिकित्सकीय सुविधा, फर्स्ड एड बॉक्स की व्यवस्था, कुशल परामर्शदाता, स्नानागार, पर्याप्त ओढने-बिछाने की व्यवस्था, आवासित बालकों के दैनिक उपयोग की वस्तुओं की उपलब्धता, भोजन व्यवस्था आदि के संबंध में पूछताछ कर जांच की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने मर्सी रिहवेलिशन सेल्टर होम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरविन्द सिंह चौहान को बालकों के कक्षों में साफ-सफाई रखने तथा औढने व बिछाने की पर्याप्त व्यवस्था रखने के संबंध में निर्देश प्रदान किए। उन्होंने संस्था में प्रतिमाह बालकों के स्वास्थ्य जांच के लिए डॉक्टर की विजिट, संस्था में प्राथमिक उपचार किट, रसोई में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था, पर्याप्त रोशनदान, संस्था के परिसर को सर्दियों में गर्म एवं गर्मियों में ठण्डा रखने की व्यवस्था आदि के संबंध में निर्देश प्रदान किये। इसके साथ ही उन्होंने संस्था में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का विवरण बोर्ड पर अंकित करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कोविड-19 माहमारी को मध्यनजर रखते हुए संस्था में आवासित बालकों एवं कर्मचारीगण के लिए सेनेटाईजर, मास्क एवं फेशमास्क का प्रयोग करने हेतु निर्देश प्रदान किये।

## जिला परिषद द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की प्रशासन गांव के संग अभियान की तैयारियों के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**सवाई माधोपुर(निसं.)।** जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना ने बुधवार को जिला परिषद सभाागार में जिला परिषद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी खन्ना ने सांसद स्थानीय क्षेत्रीय विकास योजना, विधायक स्थानीय क्षेत्रीय विकास योजना की समीक्षा करते हुए समय पर स्वीकृत कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने समय पर समायोजन कराने के भी निर्देश जारी किए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने मनरेगा योजना द्वारा अमृत सरोवर, खेल मैदान, उद्यान विकास निर्माण कार्यों को समय पर गुणवत्तापूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ियों का सुदृढ़ीकरण करवाने एवं उनमें शौचालय निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संभागीय आयुक्त कार्यालय, सतर्कता, लाइट्स पोर्टल, संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय से आमजन से प्राप्त समस्त परिवादो का समय पर निस्तारण करने के दिशा निर्देश प्रदान किए। वहीं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने आंगनबाड़ी भवनों में शौचालय निर्माण के कार्य में प्रगति लाने सीएसआर के माध्यम से आंगनबाड़ी भवनों के सुदृढ़ीकरण करने के दिशा निर्देश दिए। एरिया एप के टारगेट पूर्ण कर ग्राम पंचायतों में करवाए जा रहे विकास कार्यों के नियमित पर्यवेक्षण करने के लिए संबंधित विकास अधिकारियों को निर्देश दिए। सांसद स्थानीय क्षेत्रीय विकास तथा डांग विकास योजना के तहत ग्राम पंचायत खिदरपुर जादौन की रिकवरी को जमा करवाने के लिए विकास अधिकारी खंडार को निर्देशित किया। माडा योजना की समीक्षा कर कार्यों का निरीक्षण करने एवं उनकी यूसी सीसी मंगवाकर समायोजन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की समस्त पंचायतों में आधार बेस सिस्टम से शत-प्रतिशत भुगतान प्रणाली को लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना में द्वितीय किस्त जारी करने के निर्देश दिए। जिन्होंने आवास नही बनाए तथा राशि उठा ली उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संबंधित पंचायत समिति के विकास अधिकारियों को प्रशासन गांव के संग अभियान की तैयारी करने के भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद के अतरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजीत सहारिया, अधिशाषी अभियंता गोपाल दास मंगल, प्रकाश चंद मीणा, समस्त पंचायत समितियों के विकास अधिकारी, सहायक अभियंता जिला परिषद के परियोजना अधिकारी महेश मीना , वरिष्ठ लेखा अधिकारी प्रभाकर शर्मा, डीपीएम बलवंत सिंह सहित जिला परिषद के अधिकारी कार्मिक उपस्थित थे।

## ग्राम भूखा के विद्यालय में भामाशाहों ने एडीपीसी को दिया 1.13 लाख राशी का चैक



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** जिले में शिक्षा के बढ़ावे के लिए संचालित भविष्य की उड़ान कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूखा , तहसील मलारना डूंगर के लिए ग्राम भूखा में अपना गांव अपना विकास संस्थान के संरक्षक बलराम मीना , मुख्य अभियंता कृषि विपणन बोर्ड ने 60 हजार रूपये एवम् संस्थान के पूर्व अध्यक्ष टीकाराम मीना , वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी रेल्वे ने 53,000/ रूपये का चैक कुल 1लाख 13 हजार रूपये का चैक मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना में जमा करवाने के लिए समसा कार्यालय, सवाई माधोपुर में एडीपीसी को दिया गया। रामहेत खोलवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना से प्राप्त राशी से विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर की व्यवस्था की जायेगी , जिससे गांव के विद्यार्थीयों को भी निजी विद्यालयों की तर्ज पर सुविधा मिल सकें । इस अवसर पर एडीपीसी दिनेश चंद गुप्ता, एडी कालू राम , एपीसी राकेश मीणा, शशि कला बंशीवाल, कार्यक्रम अधिकारी हेमराज, किरोड़ी लाल , रामहेत खोलवाल, सहित समसा कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** सुजानगढ़ स्थित रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार रात में एक गाड़ी से टक्कर लग जाने से देवकीनंदन नामक व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड न. 56 का रहने वाला 40 वर्षीय देवकीनंदन पारीक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिसको गंभीर अवस्था में बगड़िया अस्पताल ले जाया गया। जहां पर ईलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर आरपीएफ इंचार्ज भोमसिंह ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

# निजी विद्यालयों में भी लागू करे मिशन सुरक्षित बचपन- जिला कलक्टर

## जिला बाल संरक्षण इकाई की त्रेमासिक बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट धौलपुर में जिला बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक समीक्षा बैठक, किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के कार्यों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक, पोक्सो केसेस की त्रैमासिक समीक्षा बैठक और ज्वाइंट एक्शन प्लान की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर महोदय द्वारा पंचायती राज विभाग को राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह मैं फेंसिंग एवं बाउंड्री वाल ऊंची करने का कार्य तत्काल शुरू करने एवं नवाचार निधि से विभिन्न कार्य कराने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर महोदय द्वारा बाल श्रम पर बाल कल्याण समिति, पुलिस विभाग तथा चाइल्डलाइन द्वारा विगत दिवस को की गई कार्यवाही की सराहना की गई एवं रेस्क्यू किए गए बच्चों को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम तथा कंपनसेशन के तहत लाभान्वित किए जाने के निर्देश श्रम विभाग को दिए गए। श्रम विभाग को प्रतीत रमास में बाल श्रम टास्क फोर्स की त्रेमासिक बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को दत्तक ग्रहण संबंधी चेतावनी के अंकन का कार्य तत्काल पूर्ण कर सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। चाइल्ड राइट क्लब, प्रहरी क्लब एवं सुरक्षित बचपन के तहत आयोजित गतिविधियों का आयोजन अब निजी विद्यालयों में भी प्रारंभ किए जाने के निर्देश जिला कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग को दिए गए। साथ ही शिक्षा विभाग को सुरक्षित बचपन की गलत सूचना भेजने वाले विद्यालयों पर कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए। पोक्सो केसेस की पर त्रेमासिक समीक्षा के दौरान जिला कलेक्टर द्वारा पॉक्सो केसेज में विशेष सहायता योजना और बाल मित्र योजना के तहत सपोर्ट पर्सन नियुक्त किए जाने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश पुलिस विभाग को दिए गए। साथ ही अनुसंधान हेतु लंबित पोक्सो केसेस किसी के निस्तारण के निर्देश भी पुलिस विभाग को दिए गए। ज्वाइंट एक्शन प्लान की तरफ बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा सभी मेडिकल स्टोर एवं शराब की दुकानों को सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य किसी महत्वपूर्ण करने के निर्देश दिए गए जिसके पश्चात पुलिस विभाग और आबकारी विभाग तथा औषधि नियंत्रण विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन तोमर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयंती लाल मीणा, डिप्टी सीएमएचओ चेतराम मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा कुमारी, सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग विश्व देव पांडेय, जिला औषधि नियंत्रक अनुभव शर्मा, कमांडेंट गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र हरवीर सिंह, रेक्सको जिला कोऑर्डिनेटर कैप्टन लेखराज सिंह, संरक्षण अधिकारी पवन तोमर, भंवर सिंह एसआई, मांगीलाल आर्य एवं चाइल्ड लाइन एनजीओ वेतन संस्था एवं जन साहस संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने एवं शिकायत/सूचनाएं प्राप्त करने के लिए वृत कार्यालय सवाई माधोपुर तथा खण्डीय कार्यालय गंगापुर सिटी द्वारा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सीताराम मीना ने नियंत्रण कक्ष 07462-220062 के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत सवाई माधोपुर के अधशाषी अभियंता धर्मवीर सिंह मोबाइल नम्बर 9414359752 को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार नियंत्रण कक्ष 07463-234119 के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड गंगापुर सिटी के सहायक अभियंता दीपक गुप्ता मोबाइल नम्बर 9461336961 को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है।

# 19 अप्रैल को श्रीमाधोपुर में आएगी जल यात्रा

जयपुर टाइम्स



**श्रीमाधोपुर(निसं.)।** सुजलाम संस्थान के तत्वाधान में सभी सामाजिक संगठनो के सहयोग से क्षेत्र में बुधवार से शुरू हुई जल यात्रा का श्रीमाधोपुर मे समापन समारोह श्रीमाधोपुर में 19 अप्रैल को रखा गया है। इस संबंध में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समापन कार्यक्रम की जिम्मेदारी कार्यकर्त्ताओ को दी गई। जिसमे श्रीमाधोपुर नगर को पांच भागो में विभक्त कर पूर्वी भाग के लिए सुरेश मतंग एडवोकेट जितेंद्र सिंह शेखावत अभिषेक चेजारा व हेमंत सोनी मध्य भाग के लिए पवन कुमार शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, दक्षिण भाग एडवोकेट शुभम शर्मा उत्तर भाग के लिए कन्हैया लाल चौरासिया, दयाशंकर जीनगर व पश्चिम भाग के लिए महेश कुमार शर्मा ढाणी वाले के नेतृत्व में टीमें गठित कर जन जागृति लाने का आव्हान किया गया। साथ ही मौन जुलूस में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उर्मिला चौरासिया, निर्मला शर्मा को महिला टीम का प्रमुख बनाकर दायित्व सौंपा गया। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम समन्वयक दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि जल यात्रा के लिए करीब एक लाख लोगों से संकल्प पत्र भरवाकर हस्ताक्षर अभियान से घर घर पहुँचकर 19 अप्रैल के मोन जुलूस में आने के लिए निमंत्रण दिया जाएगा। साथ ही गेर राजनीतिक रूप से जल की मांग के लिए किए जा रहे सार्वजनिक हितों के लिए सभी सामाजिक संगठनों के पदादिकार्यो को पत्र लिखकर सहयोग की अपील की जाएगी।इस संबंध में कन्हैयालाल चौरसिया की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पोस्टर विमोचन व हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया गया। ज्ञात रहे कि सुजलाम संस्थान के डॉक्टर कविता यादव के नेतृत्व में 19 मार्च को श्रीमाधोपुर में जल यात्रा पहुंचेगी तथा एक मौन जुलूस प्रातः 9 बजे सीकर बाजार स्थिति आदर्श विद्या मंदिर से प्रारम्भ होगा और शहर के सभी मार्गो से गुजर कर पुनः आदर्श विद्या मंदिर पहुचेगी। मोहन लाल चेजारा के निज आवास पर हुई बैठक में लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी मुख्य अतिथि रहे। श्रीमाधोपुर के आस पास गांवों के लिए व सोशल मीडिया पर जाग्रति के लिए विनोद कुमावत तथा पंकज शर्मा को दायित्व प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के लिए 14 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे पुनः मीटिंग रखी गई है। जिसमे अधिकाधिक सामाजिक कार्यकर्ताओ को आमंत्रित किया जा रहा है।

## छोटी-बड़ी खबरे...

### यूजी पीजी समान विषय समर्थक संघर्ष समिति ने दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**बाडमेर /रावतसर(निसं.)** शिक्षा विभाग में पिछले 3 सत्रों से लंबित चल रही वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता डीपीसी राज्य सरकार द्वारा लागू नए शिक्षा सेवा नियम 2021 से जल्द करवाने की मांग को लेकर यूजी-पीजी समान विषय समर्थक संघर्ष समिति द्वारा आज अतिरिक्त जिला कलेक्टर बाड़मेर को मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री एव प्रदेशाध्यक्ष ( राजस्थान कांग्रेस) के नाम ज्ञापन प्रेषित कर अति शीघ्र नए शिक्षा सेवा नियम2021 से डीपीसी जल्द करवाने की मांग कीद्य इस अवसर पर श्री देवाराम चौधरी, महेंद्र सिंह पंवार, धर्मेंद्र कुमार डूडी, घेवर चंद ,शंकर सिंह राठौड़, रमा शंकर व्यास सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ अध्यापक उपस्थित रहे।

### परशुराम जन्मोत्सव के पोस्टर का विमोचन

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निसं.)।** मूंडरू में मंगलवार देर शाम को 22 अप्रेल को श्रीमाधोपुर में आयोजित होने वाली भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया।इस अवसर पर राजस्थान ब्राह्मण महासभा के तहसील अध्यक्ष डॉ. विजय जोशी,एडवोकेट राजेन्द्र शर्मा, भवानी शंकर शर्मा, अवधेश शर्मा, रामकिशोर जोशी, गिरधारी घोडास्वामी, वैद्य नाथूलाल पटेल, रामजीलाल मिश्रा, राजेन्द्र पारीक, रमेश कलावटिया, मक्खन खंडेलवाल, वासुदेव छितमका, अरविन्द भिण्डा, मदन जोशी, रामप्रकाश शर्मा, रामावतार पारीक, वेदनिधि जोशी, कैलाश काका, सत्यनारायण पारीक, सुरेन्द्र छितमका, सुरेन्द्र पारीक, मुकेश जोशी सहित विप्र बंधु मौजूद रहे।

### चिकित्सा शिविर में 145 मरीजों की जांच, 18 का ऑपरेशन के लिए चयन

जयपुर टाइम्स

**श्रीमाधोपुर(निसं.)।** कस्बे मे निशुल्क मोतियाबंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन हुआ। यह शिविर जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग और लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की देखरेख में सीएचसी श्रीमाधोपुर में आयोजित हुआ। क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी ने बताया कि शिविर में 145 मरीजों के आंखों की जांच की गई। मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए 18 लोगों का चयन कर सहाय हॉस्पिटल, मोती डूंगरी जयपुर के लिए बस से रेफर किया गया। जहां निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। चयनित मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था से लेकर मरीजों के खानपान और रहने की व्यवस्था निशुल्क की जाएगी। शिविर के दौरान सागरमल हलवाई, रेवत सिंह, मालीराम बिजारणियां, महेंद्र मोहन पारीक आदि ने अपनी सेवाएं दी।

### मंत्रालयिक कर्मचारियों का तीसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन जारी

जयपुर टाइम्स



**नीमकाथाना पाटन(निसं.)।** पाटन कस्बे के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने महासंघ के आह्वान पर लगातार तीसरे दिन भी तहसील कार्यालय पाटन के सामने धरना-प्रदर्शन किया। इनका कहना है कि जब तक मंत्रालयिक कर्मचारियों की मांगे पूरी नहीं होती तब तक सामूहिक अवकाश और आंदोलन जारी रहेगा। 17 अप्रैल को राजधानी जयपुर में अनिश्चित कालीन महापड़ाव के लिए के लिए कूच करेंगे। इस अवसर पर मोहन गुर्जर ब्लांक अध्यक्ष पाटन, राजेंद्र सिंह तंवर महामंत्री, दानसिंह संरक्षक, नोरंग लाल भारद्वाज, इरफान खान, अविनाश शर्मा, राजेंद्र सिंह मीणा, राजेश यादव, रामजीलाल गुर्जर, पुष्पेन्द्र सिंह, क्रष्ण कुमार सैनी, राजकमल, रमेश धानका समेत अनेक मंत्रालयिक कर्मचारी मौजूद रहे। सभी मंत्रालयिक कर्मचारियों ने जयपुर कूच के लिए प्रतिज्ञा भी ली है।

### आरोपी नत्थूराम गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निसं.)।** नाबालिग बालिका का अपहरण करने में मदद करने वाले आरोपी जुगलपुरा निवासी नत्थूराम वर्मा को बुधवार को नीमकाथाना वृताधिकारी गिरधारी लाल शर्मा के सुपरविजन में अजीतगढ़ थानाधिकारी सुनील कुमार जांगिड़ के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया।आरोपी से गहनता से अनुसंधान जारी है।घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी को भी जब्त किया।

## कार की टक्कर से गिरा टीन शेड



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** शहर के डीबी अस्पताल में स्थित दवा वितरण केंद्र संख्या एक व दो के आगे बना टीन शेड बुधवार दोपहर कार की टक्कर से गिर गया। गनीमत यह रही कि बुधवार को दवा वितरण केन्द्र संख्या दो किसी कारण से बंद था। अन्यथा कोई बड़ी जनहानि भी हो सकती थी। हादसा दोपहर करीब दो बजे के पास हुआ है। उस समय अस्पताल बंद हो जाता है। अन्यथा कोई बड़ी जनहानि हो सकती थी। टीन शेड गिरने के बाद एक बार तो अस्पताल में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. हनुमान जयपाल भी पहुंचे। जहां उन्होंने मामले की जानकारी जुटाने की बात कहीं। वहीं अस्पताल में मौजूद लोगों ने बताया कि दोपहर करीब दो बजे एक बोलेरो कार भागती हुई आई। जो आकर दवा वितरण केन्द्र के टीन शेड से टकरा गई। मौके का फायदा उठाकर बोलेरो ड्राइवर मौके से गाड़ी सहित भाग गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना स्थल पर टीनशेड से टकरायी कार की फोटो खींच ली। सूचना मिलने पर अस्पताल चोकी से आई पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई। वहीं दूसरी ओर से अस्पताल प्रशासन की ओर से भी आरोपी ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाकर टीन शेड के टक्कर मारने का मामला दर्ज करवाया जा रहा है।

## फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**श्रीमाधोपुर(निसं.)।** जानलेवा हमला करने के एक मामले में श्रीमाधोपुर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए फरार चल रहे एक आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मऊ की डेरावाली ढाणी निवासी शेरसिंह (21) पुत्र मालीराम जाट है। मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। एसएचओ राठौड़ ने बताया कि 30 जनवरी को परिवादी ढाणी डेरावाली तन नांगल-भीम निवासी शिम्भूदयाल (43) पुत्र हनुमान जाट ने अपने पुत्र लोकेश के साथ श्रीमाधोपुर पुलिस थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 जनवरी को शाम 6 बजे वह अपने घर के अन्दर था। अचानक मालीराम, विजयपाल, शेरसिंह, झिमकी, सुमन, मंजू, मोनिका एकराय होकर हथियारों के साथ आए और गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शेरसिंह ने कुल्हाड़ी से उसकी सिर पर वार किया और विजयपाल ने सरिये की मारी। बचाने के लिए आई पत्नी निर्मला, माता गोदी देवी, भाई की पत्नी सरोज, पुत्र धर्मवीर के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले मे पुलिस ने पूर्व में भी एक आरोपी मालीराम जाट (58) पुत्र रामूराम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर चुकी है।

## चौहटन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

जयपुर टाइम्स

**चौहटन(निसं.)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माननीय अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार सचिव ललित तूनवाल ने चौहटन ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा की। चौहटन ब्लॉक अध्यक्ष तिलोक पोटलिया ने बताया कि कार्यकारिणी में संगठन महामंत्री के पद पर टोरशाह, उपाध्यक्ष बरकतअली,गोरधनराम,नरसिंगाराम,छुगाराम,जगदीश गोदारा,नरपतसिंह,शाकर खान,हसन खान,प्रमिला चौधरी,तेजाराम दहिया, को नियुक्त किया गया। इसी प्रकार महासचिव पद पर हीरालाल,शैतानदान,अमोलक राम,देराज राम बेनीवाल,फताराम गोदारा, बांकाराम,गुलाम खान,गोसाई राम,रावताराम,जिया खान,को मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि कोषाध्यक्ष गौतम धारीवाल एवं प्रवक्ता पद पर नरेश भादु एवं राजाराम विश्नोई को मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार सचिव के पद पर सरूपाराम,अमरदीन,ममता चौधरी, सुमार खान, खुमाराम,किशनाराम,प्रकाश देवासी,हरलाल पुनिया,जगदीश मूढण, को मनोनीत किया। सोशल मीडिया प्रभारी लुम्भाराम,ताजू खान,को मनोनीत किया। कार्यकारिणी सदस्य जेताराम नेहरा,गोरख सिंह ,करमू राम, दमयंती,गेरो देवी,पुरा राम,शेर मोहम्मद सोडियार, भीमाराम, जमालदीन, साजन राम,तारखान,इस्मत,शेर मोहम्मद ईटादा, बाबूलाल मोटाराम को मनोनीत किया गया।

**Rajasthan State Beverages Corporation Limited**
(A Government of Rajasthan Undertaking)
1st Floor, D-Block, Vitta Bhawan, Janpath, Jaipur
(Ph. 0141-2744231, Fax - 0141-2744237, Email - ed.rsbcl@rajasthan.gov.in, CIN-U15511RJ2005SGC020336)
No. 262 Dated : 12-04-2023
**Notice inviting Bid**
Open Competitive Bid for Supply and Installation of LED Monitor upto 02:00 PM on 19-04-2023 is invited from interested bidders. The bid document may be downloaded from https://sppp.rajasthan.gov.in, https://excise.rajasthan.gov.in.
UBN-BCL2324GSOB0004
Raj.Samwad/C/23/418
Executive Director

## गोवर्धन पूजा पर गिरिराज पर्वत का किया दुग्धाभिषेक

जयपुर टाइम्स




**श्रीमाधोपुर(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मऊ में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान में बुधवार को कथावाचक गोविन्द शरण महाराज (मेहंदीपुर बालाजी) के सानिध्य में गोवर्धन पूजा कर गिरिराज पर्वत का दुग्धाभिषेक किया गया। ग्रामीण राकेश चुलेट ने बताया कि दिलीप सिंह, शिवराज सिंह, भूधरमल कुमावत, बंशीधर, श्याम शरण की ओर (आरती) पूजा अर्चना कराई गई। पूजन के पश्चात ब्रह्मज्ञानी वेदपाठी की ओर वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ इस कथा का शुभारंभ किया गया। महिलाओं की ओर से भजन व भगवान के गीत गाए गए। कथावाचक गोविन्द शरण महाराज बताया कि गिरिराज पर्वत का दुग्धाभिषेक, कृष्ण भगवान की कथा और भजनो से माहौल संगीतमय हो गया। श्रद्धालुओं के उत्साहपूर्ण जयकारों एवं सुमधुर व कर्णप्रिय भजनों से पूरा ग्राम गुंजायमान हो गया। गिरिराज पर्वत झांकी सजाई गई जिसमे अतिवृष्टि, ओलो, अंधड़, तूफान जैसी ध्वनि प्रगट कर माहौल भक्तिमय किया गया। संध्या काल में भजनो की बहार हुई। मेरे तो कृष्ण गोपाल दूसरो न कोई, श्याम मुरलिया वाले, घनश्याम मुरलिया वाले, राधे राधे रटो चले आएंगे बिहारी आदि भजनो से झूमने को मजबूर कर दिया। इस अवसर पर भोजराज सिंह, भगत सिंह शेखावत (समाजसेवी), विकास तिवाड़ी, वीरू, सुशील कुमार, शिम्भू पारीक, अशोक स्वामी, मुकेश स्वामी, हनुमान सिंह, योगेंद्र सिंह, प्रहलाद सिंह, पप्पू सिंह, राजाराम सैन, भगवान सिंह, नट्टू सिंह, सीताराम सैन, दिनेश स्वामी, अमन सिंह, सांवर, सुरेश, अक्षय, महेश, गिरधारी, विक्की शर्मा, गिरधारी, नीरज, नितिन चुलेट आदि मौजूद थे।

## भागवत कथा के पांचवें दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

जयपुर टाइम्स



**नीमकाथाना पाटन(निसं.)।** सीताराम जी मंदिर प्रांगण में चल रही भागवत कथा के पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव के दौरान श्रद्धालु जमकर नाचे और कथा परिसर में श्रीकृष्ण के जयकारों और नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, जयकारों से पांडाल गुंजायमान हो उठा। कथा के दौरान व्यासपीठ पर विराजमान वेद वेदांत यति महाराज के परम शिष्य साईं राम महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। साईं राम महाराज ने कहा कि जब जब अन्याय और अत्याचार बढता है, तब तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। कथा में भाजपा के पूर्व विधायक प्रेम सिंह बाजोर ने भी साईं राम महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं से कहा कि महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा मंदिर में आना चाहिए और कथा सुननी चाहिए जिससे उनका भी कल्याण हो सके। भाजपा प्रदेश सह संयोजक वीरांगना कविता सामोता ने भी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भागवत कथा में भी भगवान श्री कृष्ण ने हमें कर्म करने के लिए कहा है, उसी तरह आप लोग भी बेटे- बेटियों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दे जिससे युवा पीढ़ी गलत रास्ते पर नहीं जाए। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र मांडिया ने कथा में पहुंचकर महाराज से आशीर्वाद लिया। भागवत कथा का श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान कृष्ण ने अपना सुदर्शन चक्र चलाकर दुष्टों का नाश किया था, वैसे ही आज भी सुदर्शन चक्र चलाकर संकटों का नाश करने की आवश्यकता है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

## आठ दिवसीय जल यात्रा का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निसं.)।** त्रिवेणी धाम के खोजी आचार्य रामरिछपाल दास जी महाराज ने संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर करके एवं भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना किया। त्रिवेणी धाम की श्री कृष्ण धर्मशाला में खोजी की ओर से रिछपाल दास जी महाराज के सानिध्य में सुजलाम संस्थान की ओर से श्रीमाधोपुर विधान सभा क्षेत्र में पेयजल व सिंचाई के लिए कुंभाराम लिफ्ट पेयजल परियोजना लाने की मांग के लिए गांव गांव ढाणी ढाणी तक जाने वाली आठ दिवसीय जलयात्रा का वैदिक मंत्रोच्चार से शुभारंभ हुआ। महाराज ने कहा कि जल से सृष्टि के सभी जीवो का पोषण होता है। सृष्टि का हित करने वाला प्रथम कर्तव्य जल व्यवस्था ही है। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जयपुर प्रांत संयोजक अशोक कुमार ने कहा कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है, इसे सहेज कर काम लेना चाहिए। अशोक कुमार सुजलाम संस्थान के संयोजक डॉ योगेश यादव के नेतृत्व में श्रीमाधोपुर जल यात्रा के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यात्रा का शुभारंभ भगवा ध्वज दिखाकर किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के प्रांतीय प्रचार प्रमुख विवेकानंद जोशी ने जल यात्रा की संकल्पना को रखते हुए कहा कि यात्रा का उद्देश्य विरोध नहीं समाधान है। जोशी ने कहा कि यात्रा के दौरान गांव गांव में नहर के मुद्दे के साथ साथ जल संरक्षण की चर्चा भी होगी। कार्यक्रम संयोजक डॉ योगेश यादव ने कहा कि जल यात्रा समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर एक जन आंदोलन है। यह जनता को समर्पित एक मिशन है। इसका उद्देश्य हर खेत को पानी पहुंचाना है। कार्यक्रम को डॉक्टर बी सी जाट, पूर्व प्रधान मक्खन लाल शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक राजेंद्र त्रिवेदी, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सह प्रांत संयोजक खेताराम कुमावत, डा. कविता यादव, सामाजिक कार्यकर्ता सुषमा ने संबोधित किया। यह जानकारी देते हुए यात्रा के अजीतगढ़ क्षेत्र के समन्वयक व प्रवक्ता दिनेश गोविंद शर्मा ने बताया कि आठ दिवसीय यात्रा विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में गुजरेगी। रात्रि विश्राम अजमेरी में किया। गुरुवार को दाऊ धाम काला कोटा में रात्रि जल पंचायत होगी। त्रिवेणी की बंद पड़ी धारा पर क्षैत्र को जल से हरा भरा बनाने का संकल्प लेकर सैकड़ों जल एवं पर्यावरण प्रेमी जलयात्रा के लिए हाथो में तख्तियां लेकर जल संरक्षण का संदेश देते हुए रवाना हुए।

## पंजाब नेशनल बैंक के 129 वां दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक का 129वां स्थापना दिवस पीएनबी आरसेटी में मनाया गया। आल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन ,जयपुर-सीकर मण्डल व रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें में रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रक्तदान शिविर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़ रहे। पीएनबी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित रक्तदान शिविर में श्री कल्याण राजकीय अस्पताल से ब्लड बैंक से टीम ने रक्त संग्रहण किया। पीएनबी स्टाफ सदस्यों के साथ पधारे अतिथियों की ओर से स्थापना दिवस के उपलक्ष में कैक काटकर स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वर सिंह राठौड़ ने कहा कि दान में सबसे बड़ा दान रक्तदान महादान होता है हमें जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए, जिससे मानव जीवन में जान बचाई जा सकती है। कार्यक्रम में अग्रणी बैंक प्रबंधक टी.सी. परिहार की ओर से नवनियुक्त अग्रणी बैंक प्रबंधक धीरज कुल्हरि का पौधा भेंट कर स्वागत किया। शिविर में अशोक कालेर निदेशक आरसेटी की ओर से रक्तदान करने वालों से बात की और हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद की जान बचाने का प्रयास सराहनीय है। रक्तदान शिविर में डॉ. बीएल मील ब्लड संचुरियन ने बताया कि लोगों की ओर से रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। ललित लाखीवाल सचिव पीएनबीओए ने ने लोगों को रक्तदान के फायदे बताएं और भविष्य में भी स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। इस अवसर पर कान्तिप्रसाद, पन्नालाल सारड़ा, सुशिल, डॉ. मतालुब चौधरी, रामदेवाराम बिजारणियां सहित पीएनबी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# जिले की मांग मुखर, उपखंड कार्यालय पर आज देंगे गिरफ्तारियां

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** जनहित संघर्ष मोर्चा की ओर से सुजला जिले की मांग को लेकर चलाया जा रहा आंदोलन और तेज होगा और गुरूवार को जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। सीएम की ओर से सुजला क्षेत्र को जिला घोषित नहीं करने पर आक्रोश जाहिर करते हुए मोर्चा अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल ने बस स्टेंड स्थित धरना स्थल पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार ने सुजानगढ़ और लाडनू की जनता को हल्के में ले रखा है, लेकिन यहां की जनता अपने हक, अधिकार लेना जानती है। इसीलिए गुरूवार को साढ़े 11



बजे सैंकड़ों की संख्या में लोग रैली के रूप में बस स्टेंड से एसडीएम कार्यालय जाएंगे और जिले की मांग को लेकर गिरफ्तारियां देंगे। कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने कहा कि नेताओं ने जनता को धर्म, जाति और पार्टियों को आधार पर बांटकर संघर्ष करने की क्षमता कम की है। लेकिन जनहित संघर्ष मोर्चा लगातार जिले की मांग को लेकर संघर्षरत है और मकसद में कामयाब होने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया ने अधिक से अधिक संख्या में गिरफ्तारी देने के लिए पहुंचने की अपील की। रफीक खान ने कहा कि 60 में से मात्र 4-5 वार्ड पार्षद ही पार्टियों की चिंता किए बिना जी जान जिले की मुहीम में लगा रहे हैं। ऐसे पार्षदों को सुजानगढ़ की जनता सलाम करती है। इस अवसर पर तेजपाल गोदारा, राजेंद्र भंवरिया, पवन पारीक सहित अनेक लोगों ने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में रामकरण बीडासरा, महबूब बड़गुजर, सरदाराराम, खड़कदास स्वामी, मजीद खां धोलिया, शाहिद खान कायमखानी, पूनमचंद मेघवाल, किसनलाल छरंग, आमीन खां, मजीद धोलिया, विजयपाल श्योराण, हीरालाल बुगालिया, कॉमरेड जगदीश नाथ, गोपाल बिजारणिया, दीपक भास्कर, सलीम खां, पवन भोजक, मुमताज काजी, रफीक राजस्थानी, अशोक प्रजापत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण कार्य चढ़ा राजनीति की भेंट, पार्षद ने दी धरने की चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** कस्बे के वार्ड नंबर 31 में संतोषी माता अंजनी माता मंदिर मार्ग पर बनने वाली सीमेंटेड रोड राजनीति की भेंट चढ़ गई है। इस सड़क का निर्माण कार्य 20 रोज पहले शुरू हुआ था जिसमें दोनों तरफ नाली निर्माण व वर्तमान में पहले से बने हुए चेंबर की ऊंचाई यथावत रखने को लेकर लंबे समय से खींचतान चल रही थी। वही विभाग के अधिकारियों ने भी बार-बार इस सड़क का मौका मुआयना किया और वार्ड वासियों से समझाइश की। लेकिन नतीजा कुछ भी नहीं निकला। आज हालात यह है इस रोड के जिस पर आम आदमी पैदल भी नहीं चल सकता। वही वार्ड के वार्ड पार्षद कपिल पारीक, सुरजाराम जाट, राम कवरी जाट ने बताया कि 20 दिन से सड़क निर्माण कार्य बंद होने के कारण हम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है जिससे चिकित्सालय में मरीजों को दिखाने के लिए वाहन भी नहीं निकल पा रहे हैं। साथ ही बच्चों को स्कूल जाने के लिए अलग रास्ते से भेजना पड़ता है। इसके अलावा पशुओं के लिए चारा पानी पिलाने के लिए भी बहुत परेशानी होती है। सबसे बड़ी परेशानी हमारे घरों में पानी ठहरने के कारण सील आती है जिससे मकानों को भी नुकसान हो रहा है वार्ड पार्षद कपिल पारीक ने बताया कि इसके बारे में हमने अधिकारियों को लगातार अवगत कराने की कोशिश की लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। अगर 2 दिन के अंदर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हमें मजबूर नगरपालिका के आगे वार्ड वासियों के साथ धरना देना पड़ेगा

## कलयुगी पुत्र ने पत्नी के साथ मिलकर किया माता-पिता को जान से मारने का प्रयास

### मां बाप को काटकर खाने की धमकी दी

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती गाँव आशा की ढाणी के एक बुजुर्ग दंपत्ति के साथ उसी के पुत्र और पुत्रवधू ने मारपीट करके जान से मारने की कोशिश की। बुधवार को आशा की ढाणी निवासी भगवानाराम नायक (70) और उसकी धर्मपत्नी बनारसी (65) ने पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है। भगवानाराम नायक ने बताया कि उसका छोटा लड़का राजू नायक उसकी पत्नी और बेटे ने उसके साथ मारपीट की। राजू और उसकी पत्नी ने बनारसी के साथ भी मारपीट की और दोनों को जान से मारने की कोशिश की। भगवानाराम नायक ने बताया कि राजू शराब पीने का आदी है। राजू अवैध रूप



से शराब बेचने का काम करता है। उसे मना किया तो वह मारपीट करने लगा। बनारसी ने बताया कि उनके तीन बेटे हैं। उन्होंने खेत, घर आदि सब कुछ उनको दे दिया है। राजू और उसकी पत्नी उनके साथ मारपीट करते हैं। बनारसी ने बताया कि जब वह खाना खाने बैठती है तो राजू की पत्नी खाने की थाली में खंखार डाल देती है। 5 अप्रैल को उसके पुत्र राजू और पुत्रवधू ने उसे व उसके पति को जान से मारने की कोशिश की। दोनों बड़े बेटों का परिवार भी उन्हें छुड़ाने के लिए नहीं आया। गांव का ही जाटों का लड़का उनको तारानगर के अस्पताल लेकर गया। अस्पताल में भी उनके परिवार और रिश्तेदारों में से कोई मिलने तक नहीं आया। राजू और उसकी पत्नी ने कहलवाया है कि घर में वापस आ गए तो दोनों को काटकर खा जाएगे।

तारानगर पुलिस थाने में भी राजू और उसकी पत्नी के खिलाफ कई बार रिपोर्ट दे दी है। पुलिस उनको बुलाती है और वापस छोड़ देती है। वह आकर फिर मारपीट करता है। किसी के समझाने से भी नहीं समझता है। अबे कहां जाएं, कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है। वे अस्पताल से सीधे पुलिस अधीक्षक के पास न्याय की गुहार लगाने पहुंचे हैं।

## धार्मिक आयोजनों से बढ़ता है साम्प्रदायिक सौहार्दः गोदारा

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** मदरसा में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पीसीसी सदस्य पूसाराम गोदारा ने 15 अप्रैल शाम 6:30 बजे पोदार गेस्ट हाउस में आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली। गोदारा ने कहा कि धार्मिक सौहार्द बना रहे और अमन चैन कायम रहे, इसके लिए समय-समय पर ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिए। रोजा इफ्तार पार्टी में पूरे विधानसभा क्षेत्र से हजारों की तादाद में कार्यकर्ता भाग लेंगे। कार्यकर्ताओं को रोजा इफ्तार पार्टी को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस अवसर पर राजलदेसर मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जब्बार खोखर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हँसराज पारीक, चेयरमैन प्रतिनिधि नानूराम मेघवाल, वाइस चेयरमैन चंद्रप्रकाश, मदरसे के सदर शब्बीर बगड़, कांग्रेस पार्टी के पार्षद नबीबख्श निर्वाण, राहुल सैनी, ताराचंद वाल्मीकि, पार्षद प्रतिनिधि विनोद वर्मा, शरीफ बेहलीम, विनोद सैनी, मिर्जा राम मेघवाल,



करीम बक्स खत्री, मौलाना आरिफ, अब्दुल सत्तार जिन्दरान, कालू बगड़, बिलाल चौहान, हमीद चौहान, इकबाल बगड़, असफाक बगड़ अकबर कुरेशी, आरिफ खत्री,सेवादल अध्यक्ष लाभचंद सोनी, कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद शरीफ छिम्पा ने किया।

## केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री के नाम सरपंच को दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** भारतीय किसान संघ के आह्वान पर साबरमती, सारदा व यमुना लिंक प्रोजेक्ट के माध्यम से हर खेत को सिंचाई का पानी उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर प्रथम चरण में चल रहे आन्दोलन के क्रम में संघ की सिधमुख तहसील शाखा की ओर से केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री के नाम ज्ञापन काजण सरपंच रजनीश कुमार को सौंपा। भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष गोविंद गोड़ तहसील प्रभारी कैलाश जैवलियां ने सिधमुख के काजण गांव में ग्रामीणों से सम्पर्क किया और बैठक ली। जिसमें जन आंदोलन के प्रथम चरण में चूरू जिले के प्रत्येक खेत को सिंचाई के पानी के मांग के लिए शारदा यमुना साबरमती लिंक प्रोजेक्ट से जोड़ने को लेकर चल रहे आन्दोलन व जनजागरण अभियान की जानकारी दी गई। बुधवार को सिधमुख तहसील ग्राम पंचायत काजण में ग्राम समिति का गठन किया गया। जिसमें समिति अध्यक्ष समुंदर सिंह, मंत्री अमर सिंह मेघवाल, युवा प्रमुख राजूराम नाई, महिला प्रमुख रेशमा देवी, व्यसन मुक्ति प्रमुख सरवन गिरि, संस्था प्रमुख भक्तो गिरि, जैविक प्रमुख भैरू सिंह, गौ सेवा प्रमुख सुमेर सिंह, जल संरक्षण प्रमुख रूप गिरि, पौधारोपण प्रमुख ओमप्रकाश नायक, गुलशन को सुरक्षा प्रमुख बनाया गया। बैठक में विचर मंथन के बाद समिति के सदस्यों ने केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री के नाम सरपंच को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बेमौसम रिमझिम बारिश

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में बुधवार को सुबह बेमौसम बारिश हुई है। अलसुबह से ही आसमान में बादल छाये रहे। सुबह करीब साढ़े सात बजे के बाद कुछ देर के लिए रिमझिम बारिश हुई। जिससे गर्मी में कमी और और मौसम सुहावना हो गया। हालांकि बाद में मौसम सामान्य हो गया।

## अम्बेडकर जयंती पर रक्तदान शिविर को लेकर बैठक

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)।** कस्बे के सार्वजनिक पुस्तकालय में एबीवीपी की नगर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में शुक्रवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः 9:15 बजे होने वाले रक्तदान शिविर की पूर्व तैयारियों के लिए चर्चा की। नगर मंत्री अनिल सुथार ने बताया कि रक्तदान से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। उक्त कर्मक्रम अंबेडकर सर्किल के पास सैनी धर्मशाला में रखा गया है। जिसमे सभी की भागीदारी रहने वाली है। नगर अध्यक्ष रोहित भाकर ने बताया कि हम बाबा साहेब के विचारो पर चलते हुए समाजिक समरसाता पर कार्य कर रहे है। गत 6 दिसम्बर को जब समरसता यात्रा निकाली थी उसी दिन जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर डॉ भीमराव आंबेडकर सर्किल पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर दीपोत्सव का कार्यक्रम और 14 अप्रैल को रक्तदान शिविर रखा गया है। भाकर ने बाबा साहेब विचारो को मजबूत करने के लिय समाजिक समरसता का परिचय देते हुए सभी से रक्तदान का आह्वान किया। इस मौके पर विजय गोदारा, छात्रसंघ अध्यक्ष टैगोर महाविद्यालय देवकीनंद सोनी, सुनील स्वामी, मनीष जांगिड़, जय शर्मा, तन्मय ओझा, योगेंद्र सहारण, संदीप सैनी, रोहित सैनी, विजेंद्र, संजय सत्यम स्वामी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चरला में 132 लोगों ने किया रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती गांव चरला में महात्मा ज्योतिबा फूले व बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष में राजीव गांधी केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी राज कताला ने बताया कि शिविर में 132 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रामपाल ब्लड बैंककर्मियों ने रक्त संग्रहण किया। दौरान सरपंच संतोष गोदारा, मनसुख गोदारा, अमराराम सियाग, भागीरथ बिरड़ा, पेमाराम गोदारा, जीवनराम, बनवारी उपसरपंच, लिछु मेघवाल, गोविंद मेघवाल, भागीरथ बोड़ाना, राजेन्द्र बापेऊ, कालूराम गेनाना, तिलोक धेतरवाल, संग्राम दुसाद, जीवनराम दहिया, पंकज गुंसाइवाल आदि मौजूद रहे। पूर्व सरपंच शेराराम मेघवाल, आसाराम पुनिया, लक्ष्मणराम पुनिया, सरपंच प्रतिनिधि रुपाराम कस्वां, देहात ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र बेनीवाल आदि मौजूद रहे।

## महंगाई से राहत शिविरों का फायदा ले जनताः एडीएम

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** महंगाई से राहत, प्रशासन गांवो के संग, प्रशासन शहरों के संग अभियान को लेकर एडीएम भागीरथ साख की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीएम भागीरथ साख ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सात जगहों पर स्थायी शिविर लगेंगे और 24 अप्रेल से एक-एक ग्राम पंचायत में शिविर लगना शुरू होगा। इसलिए विभिन्न योजनाओं में लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति जन आधार कार्ड के साथ शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठावें। वहीं उपखंड अधिकारी मूलचंद लूणिया ने कहा कि सरकार की समस्त योजनाओं का अधिकाधिक जनता को लाभ दिलाने के लिए पंचायत वार और वार्डवार सूची जारी कर लाभार्थियों को सूचित करें, ताकि सम्बंधित व्यक्ति शिविरो में पहुंचे। एडीएम भागीरथ साख ने डीटीओ और पुलिस प्रशासन के लोगों से कहा कि नए बस स्टेंड पर बसों का ठहराव हर हाल में सुनिश्चित किया जावे और



अगर कोई कहना नहीं मानता है, तो उस पर कार्यवाही करो। इस अवसर पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में तहसीलदार प्रवीण कुमार, विकास अधिकारी शिव कुमार शर्मा, सीडीपीओ गौरव चौधरी, विद्युत निगम के एक्सईएन धीराचंद शिवराण, सहायक अभियंता विश्वम्भर पुरोहित, पशु पालन विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. लालचंद शर्मा, समाज कल्याण अधिकारी बाबूलाल, कमलेश मंडावरिया, सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, सीबीईओ कुलदीप व्यास सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## संत शिरोमणी सैन महाराज की 723 वीं जयंती 17 अप्रैल को बैठक का हुआ आयोजन

**कोटपूतली(निसं.)।** संत शिरोमणी सैन महाराज की 723 वीं जयंती आगामी 17 अप्रैल सोमवार को राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में धुमधाम से मनाई जायेगी। जिसको लेकर बुधवार को श्री सैन मंदिर पूतली में किशन लाल सैन, कांसली की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हर वर्ष की भांति मूर्ति पूजा, महा आरती, भव्य शोभा यात्रा, भोजन प्रसादी, बाबा की भेंट, लेखा-जोखा, समाज उत्थान व मंदिर निर्माण हेतु विचार विमर्श किया गया। किशन लाल सैन ने बताया कि कार्यक्रम में मंदिर के लिए भूमिदान करने वाले भामाशाहों का सम्मान एवं सैन जयंती कमेटी के चुनाव भी करवाये जायेगे। मदन पाल सैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव होंगे। बैठक में अध्यक्ष कृष्ण सैन, सचिव सुरेश सैन, कोषाध्यक्ष ज्ञानेद्र सैन, रामौतार सैन, भामाशाह श्यामलाल बैधजी, रणसिंह सैन, उदमीराम सैन, सतवीर सैन, प्रधान छीतर मल, नेतराम सैन, संजय खेडकी, मुंशीराम, बनवारी लाल, नथुराम सैन, कैलाश दांतिल, गोपीराम बनेठी, मालाराम आदि मौजूद रहे ।

## सभापति ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** सभापति निलोफर गौरी ने बाजारों में निर्मित हो रही सड़कों का निरीक्षण किया। सभापति निलोफर गौरी, उप सभापति अमित मारोठिया गांधी चौक पहुंचे और निर्माण कार्य की गुणवता पर संतोष जाहिर किया। दूसरी ओर अनेक व्यापारियों से मिली जानकारी और अन्य मांगों के बारे में ठेकेदार व तकनीकी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सभापति निलोफर गौरी ने बताया कि बजट घोषणा के तहत विधायक मनोज मेघवाल के प्रयासों से 7 करोड़ की लागत से शास्त्री प्याउ से शुरू होकर मुख्य बाजारों में सड़क बन रही है, जो आम शहरवासियों को के लिए काफी बड़ी सौगात है। उप सभापति अमित मारोठिया ने बताया कि सीएम ने हाल ही में बजट में नगरपरिषद क्षेत्र के लिए 10 करोड़ की सड़कों की घोषणा की है, जिनको भी चिन्हित कर लिया गया है। इस प्रकार सुजानगढ़ शहर में सड़कों का जाल देखने को मिलेगा। निरीक्षण के दौरान पीडबल्यूडी के सहायक अभियंता मोहित पाराशर, पार्षद ईकबाल खान कायमखानी, पार्षद जाकिर क्याल, पार्षद प्रदेश वाल्मिकी आदि भी मौजूद रहे। सभापति ने गांधी चौक, डॉ. मोहन जैन अस्पताल आदि जगहों पर जाकर निरीक्षण किया।

## छोटी-बड़ी खबरे...

### 19 स्कूल महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में तब्दील

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के लिए राज्य सरकार के आदेश के साथ ही जिले के 19 सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में तब्दील कर दिया गया है। शिक्षा विभाग के अनुसार 17 गांव और शहर की दो स्कूलों के लिए आदेश जारी किए गए है। जिनमें रतनगढ़, सरदारशहर, बीदासर आदि क्षेत्रों में आनेवाले राजकीय विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम से संचालित किए जाने के आदेश जारी किए गए है।

### इंजीनियर ऑफ जोधपुर डिस्कॉम की कार्यकारिणी गठित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** विद्युत इंजीनियर ऑफ जोधपुर डिस्कॉम की चूरू जिला मुख्यालय पर आयोजित बैठक में विचार विमर्श के बाद कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में वरिष्ठता अभियंता भागीरथ शेखू व धीराचंद शिवराण ने इंजीनियर्स की विभिन्न समस्याओं के कारण व निवारण पर चर्चा की। इस अवसर पर सर्वसम्मति से गठित की गई कार्यकारिणी में सुनील निठारवाल को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। रमेश जांगिड़ उपाध्यक्ष, महेश पाण्डियां महासचिव, राकेश स्वामी संगठन सचिव, अरुण मीना संयुक्त संगठन सचिव, अनिता सिहाग सचिव, ओमप्रकाश ग्रोवर प्रचार सचिव, पंकज सिंह कोषाध्यक्ष व अंकित धनखड़ को कार्यालय सचिव बनाया गया।

### बैशाख में मौसम के बिगड़े मिजाज ने बढ़ाई चिंता

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** ग्रीष्म से पहले वसंत ऋतु में ही बदलते मौसमी चक्र से न केवल किसानों की बल्कि हर आम के माथे पर चिन्ता की रेखा दिखाई दे रही है। गत दो दिनो से आसमान में छाए बादलों और मेघ गर्जना के साथ कड़क रही बिजली से लोग सहम से रहे हैं। मौसम के जानकारों की माने तो वसंत ऋतु में तेज हवाओं का चलना आम है इसलिए इसे पतझड का मौसम भी कहा जाता है। वसंत में पेड़-पौधे नए स्वरूप में आते है। पेड़ो की टहनियों में फूटती कोपलें खिलते फूल से मरुधरा महकती है। लेकिन इस बार वसंत में बार-बार बनता बिगड़ता मौसम खेजड़ी की मिंजर को धूल-धुसरित कर रहा है। जिससे इस बार लोगों को सांगरी की सब्जी से वंचित रहना पड़ सकता है। एक ओर मौसमी तंत्र असंतुलित हो रहा है तो दूसरी ओर पकी गैहूं की फसल की कटाई अंतिम दौर में चल रही है। जो किसान गैहूं की फसल काट रहे हैं उनके लिए बरसाती मौसम अवरोधक बन रहा है। बुधवार को सुबह से ही सूर्यदेव बादलों की ओट में खोए रहे। दोपहर को तेज हवाएं चली और मामूली बुंदाबांदी भी हुई। बरसाती मौसम बनने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

### मारु बीसूका के सदस्य बने, कांग्रेस में खुशी की लहर

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** कांग्रेस वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश मारू को बीस सूत्रीय कार्यक्रम जिला समिति में सदस्य मनोनीत करने पर यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व चूरू जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष रतनगढ़ विधानसभा प्रत्याशी भंवरलाल पुजारी का आभार जताया। गौरतलब है कि एडवोकेट सतीश मारू पूर्व में अभिभाषक संघ रतनगढ़ के अध्यक्ष व पार्षद भी रहे हैं। इस अवसर पर कन्हैयालाल सैनी, चेतन वाल्मीकि, मांगीलाल मेघवाल मनोनीत पार्षद, एडवोकेट हेमलता मारु पार्षद, डालूराम खीचड़, भींवाराम घिंटाला, तेजाराम खीचड़, तुलछाराम शर्मा बीनादेसर, चेननाथ सिद्ध, पूर्णराम लोहमरोड़, रघुनाथ सिह ,राकेश कड़ेल, शंकर नायक, रामेश्वर मेघवाल, मोहन पुरोहित, भीखाराम मेघवाल, विमल सेन मामराज घिण्टाला, गोपाल भार्गव, राकेश जाट पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष, एडवोकेट करणी मारू, दयाशंकर सोनी , जेठाराम मेघवाल, आलसर गिरधारी मेघवाल, रत्नलाल लिलड़िया, बीरबल मेघवाल, एडवोकेट रोहित मारु, महेंद्र सोनी, खेताराम नायक, खेमराज रैगर आदि कांग्रेस कार्यकर्ता ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, निवर्तमान कांग्रेस जिला अध्यक्ष भंवरलाल पुजारी का आभार जताया।



### बूढ़िया बालाजी महाराज की ली जोत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** कस्बे के निकटवर्ती गांव गोपालपुरा स्थित मनरेगा से साकार किए गए हरितिमा ढाणी प्रोजेक्ट में 15 अप्रैल को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की सर्वे टीम के माध्यम से पेड़ो को गले लगा कर गोद लेकर बनने जा रहे वर्ल्ड रिकॉर्ड की तैयारी में सार्वजनिक तालाब स्थित बूढीया बालाजी के जोत कर उन्हे आमंत्रित किया गया। सरपंच सविता राठी ने बताया कि गोपालपुरा के नाम बनने जा रहे वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए बालाजी को मनाया गया है। महिलाओं ने भजन गाए। पंडित गौरीशंकर ने पूजा करवाई। उप सरपंच गणपतदास स्वामी, दीपचंद गिलड़ा, बलबीर सिंह, कानाराम, खेताराम, लालचंद नाई, ओमप्रकाश प्रजापत, भींवाराम सारण, प्रकाश स्वामी, पूसाराम प्रजापत, रमेश, राकेश, हनुमान आदि उपस्थित रहे।

### स्कूल में दी रोजा इफ्तार की दावत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** मांडेता स्थित बाबा रामदेव स्कूल में रोजा इफतार दावत का आयोजन किया गया।



संस्था प्रबंधक महावीर सिंह मूंड ने बताया कि कार्यक्रम में सर्वसमाज के लोगों ने भाग लिया। वहीं सीआई मुकुट बिहारी मीणा, जनहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, किसनलाल छरंग, कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया, पूनमचंद, सलीम, पार्षद प्रतिनिधि अमजद खान कायमखानी, भामाशाह पवन कुमार तोदी, अमृता चौधरी, जगदेव बेड़ा, दिलशाद खान, हिदायत खान, युनूस खां, इशाक मोहम्मद, हबीब, गणेश जाट, गुरूदेव गोदारा, कॉमरेड जगदीश नाथ, शोकत खां, साकिर खान सहित बड़ी संख्या में लोग दावत में शरीक हुए। मानव श्रंखला में रोजायत होने के बावजूद भाग लेने वाले स्कूली बच्चों को भी रोता इफ्तार की दावत दी गई।

# बैंक अधिकारी राजीनामे के जरिए करें अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारणः बंसल

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं1)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला एवं सेशन न्यायाधीश रविन्द्र कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव प्रमोद बंसल ने आगामी 13 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैंक अधिकारियों के साथ मीटिंग का आयोजन किया। बैठक में एलडीएम अमरसिंह, एसबीआई से मनीष गुप्ता, राजीव, पीएनबी से मनोहर लाल मीणा व बीआरकेजीबी से सुनील कुमार उपस्थित रहे। इस मौके पर सचिव प्रमोद बसंल ने कहा कि लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैंक अधिक से अधिक प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों को प्रस्तुत करें। इन प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में राजीनामा के जरिए निस्तारित करने का प्रयास करें ताकि प्री-लिटिगेशन के माध्यम से धन की वसूली हो सके तथा लंबित प्रकरणों का निस्तारण हो सके। इसी प्रकार बैंकों के न्यायालयों में लंबित 138 एन.आई. एक्ट के प्रकरणों में भी राजीनामा के जरिये प्रकरणों के निस्तारण के प्रयास किए जाएं ताकि लोक अदालत में जरिए राजीनामा अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किया जाकर लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि उपस्थित सभी को प्रकरणों को दर्ज करने से लेकर निस्तारण तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत करवाया गया। लोक अदालत के संबंध में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार के लिए स्थानीय समाचार-पत्रों, पैम्फलेट के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए सभी राजकीय कार्यालयों, राजकीय उपक्रमों, बैंको एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थानों बैनर/पोस्टर इत्यादि चस्पा करवाए जाएंगे और नगर पालिका के कचरा संग्रहण वाहनों में भी ऑडियो रिकॉर्डिंग (जिंगल एवं नाल्सा सॉन्ग) के प्रसारण के माध्यम से व प्रमुख सार्वजनिक जगहों पर पैम्पलेट का वितरण किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक पक्षकार लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरणों का निस्तारण करवा सके। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु संबंधित विभागों के अधिकारी के साथ बैठकों का आयोजन किया जाकर प्रकरणों के चिन्हीकरण, राजस्व, बैंक, बीमा इत्यादि प्रकरणों के संबंध में विचार-विमर्श, धारा 138 एन.आई. एक्ट के 10 लाख रुपए तक के एवं ऋण वसूली से संबंधित लम्बित/प्री-लिटिगेशन श्रेणी के प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से अधिकाधिक निस्तारण सुनिश्चित किए जाने बाबत जरूरी उपायों पर विचार-विमर्श, प्रकरणों के अधिकाधिक निस्तारण के संबंध में प्री-काउंसलिंग के सफल आयोजन के क्रम में विचार-विमर्श, राजस्थान लिटिगेशन पॉलिसी, 2018 के तहत प्रकरणों के निराकरण के प्रयास एवं राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों के निस्तारण में आने वाली कठिनाइयों के संबंध में विचार-विमर्श किए जाने को शामिल किया गया है। बंसल ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरण, दाण्डिक शमनीय प्रकरण, धारा 138 परक्राम्य विलेख अधिनियम के प्रकरण, धन वसूली, प्रकरण, एम.ए.सी.टी. प्रकरण, श्रम एवं नियोजन संबंधी विवादों के प्रकरण, बिजली, पानी एवं अन्य बिल भुगतान से संबंधित प्रकरण, वैवाहिक विवाद (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहरण के मुआवजे से संबंधित प्रकरण, मजदूरी भत्ते और पेंशन भत्तों से संबंधित सेवा मामले, राजस्व मामले एवं अन्य सिविल मामले (किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा दावे एवं विनिर्दिष्ट पालना दावे) आदि एवं अन्य श्रेणियों से संबंधित प्रकरणों को रखा जाकर जरिये राजीनामा इन प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित करवाये जाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामले का निस्तारण होने पर पक्षकार के समय व धन दोनों की बचत होती है तथा आपसी भाईचारे की भावना का विकास होता है। लोक अदालत में प्रकरण के निस्तारण से किसी भी पक्षकार की हार नहीं होती है बल्कि दोनों पक्षकारों की जीत होती है।

## 25 अप्रैल से एक माह तक पूर्ण नहरबंदी, चिन्हित किए प्रभावित होने वाले गांव

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** आंशिक नहरबंदी से कमोबेश हो रही जलापूर्ति 25 अप्रैल से 24 मई तक नहीं की जा सकेंगी। क्योंकि अब एक माह तक पूर्ण नहरबंदी रहेगी। जिससे योजना से जुड़े के करीब तीन सौ गांव प्रभावित होंगे। इन प्रभावित गांवों को पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने राज्य सरकार को तीन करोड़ से अधिक राशि का प्लान बनाक भेजा है। नहरबंदी के कारण आनेवाली पेयजल समस्या से निपटने के लिए शहर के वार्डों एवं गावों को आवश्यकता पड़ने पर जलापूर्ति करवाएं जाने की दृष्टि से चिन्हित किया गया है। सूत्रों की माने तो जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए का कंटीजेंसी प्लान राज्य सरकार को भिजवा है। 24 मई तक पूर्ण नहरबंदी होने के बाद भी सुचारू जलापूर्ति में थोड़ा समय और भी लग सकता को देखते हुए जलदाय विभाग योजना से जुड़े ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पेयजल संकट नहीं रहे को देखते हुए पूर्व में व्यवस्था करने के प्रयास में जुटा है। चूरू, सुजानगढ़, तारानगर, रतनगढ़, राजगढ़ व सरदारशहर के नहर परियोजना से जुड़े गांवों में नहरबंदी के दौरान पीने के पानी की समस्या नहीं आए और लोगों को जल मिले इसके लिए टेंकर आदि से जलापूर्ति किए जाने की विभाग व्यवस्था करने में जुटा है। आने वाले समय में भीषण गर्मी की संभावना है तो जलदाय विभाग के सामने जलापूर्ति किए जाने की कड़ी चुनौती है। क्योंकि स्थानीय स्तर पर कहीं पानी खारा है तो कही पानी के लोकल स्त्रोत नहीं है, कहीं ट्यूबवेल नहीं है, इसलिए ऐसे क्षेत्रों में टेंकर से जलापूर्ति की जानी है जिसकी विभाग तैयारियां कर रहा है।

## जिले की मांग को लेकर वकीलों का जोरदार प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निसं.)।** स्थानीय अभिभाषक संघ के नेतृत्व में सुजला जिला बनाओ महाप्रदर्शन तहसील कार्यालय के सामने किया गया। बार अध्यक्ष दिनेश दाधीच, हरीश गुलेरिया के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया और ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर एडवोकेट निरंजन सोनी ने कहा कि विभिन्न मापदंडों पर सुजला अंचल हर तरह खरा उतरता है। इसलिए इसे जिला बनाया जाना काफी आवश्यक है। वहीं प्रदर्शन के बाद उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जिले की मांग को बुलंद किया गया। प्रदर्शन में एडवोकेट कमल गोयतान, नवरत्न सैनी, राजकुमार चायल, हरीश कुमार पारीक, अशोक कुमार पारीक, संतोष सोनी, श्यामसुंदर खंडेलवाल, भीम शंकर शर्मा, देवेंद्र सिंह राठौड़, नरेश कुमार सोनी, राहुल देव शर्मा, विनोद सोनी, बुद्धिप्रकाश प्रजापत, गोवर्धनलाल चौधरी, निर्मल सिंगोदिया, रजनीकांत सोनी सहित अनेक वकीलों ने भाग लिया। इस अवसर पर सुजला महासत्याग्रह के श्रीराम भामा, धनराज आर्य, बसंत बोरड, नरेंद्र गुर्जर ने सभी का आभार प्रकट किया। विजय पाल श्योराण ने बताया कि गुरुवार को गांधी चौक से वाहन रैली निकाली जाएगी, जो सुजला कॉलेज चौराहे पर होने वाले सुजला संगम में पहुंचेगी।

## विदेशी भाषा प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 25 अप्रैल

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक भाषा दक्षता और संप्रेषण कौशल विकास योजना 2022-23 के तहत अंग्रेजी फ्रेंच जर्मन अरबी स्पेनिश जापानी आदि भाषाओं के प्रशिक्षण के लिए अल्पसंख्यक वर्ग (मुस्लिम सिख बौद्ध ईसाई पारसी जैन) के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 मार्च से अंतिम तिथि 10 अप्रैल थी। जिसे बढाकर अब 25 अप्रैल कर दिया गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी चुरू मोहम्मद नियाज खान ने बताया कि योजना में प्रशिक्षण के लिए लाभार्थी का न्यूनतम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण और आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं चयनित युवाओं को 1500 सो रुपए स्टाइपेंड राशि मिलेगी। योजना का लाभ राजस्थान राज्य के मूल निवासियों को ही मिलेगा। आवेदक के पास जन आधार कार्ड होना चाहिए, और उसमें जाति समुदाय (अल्पसंख्यक वर्ग) मूल निवास, बैंक डिटेल आदि की जानकारी अपडेट होनी चाहिए अधिक जानकारी जिला कल्याण अधिकारी चूरू मोहम्मद नियाज खान से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में बीसूका प्रथम स्तरीय समिति गठित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** राज्य सरकार की ओर से जिले में बीस सूत्री कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं समन्वय के लिए प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में प्रथम स्तरीय समिति का गठन किया गया गया है। आयोजना विभाग के संयुक्त शासन सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार रतनगढ़ प्रधान मोहिनी देवी खीचड़, तारानगर प्रधान संजय कस्वां, सरदारशहर प्रधान निर्मला राजपुरोहित, भैंसली की सुशीला, छाबड़ी मीठी के हनुमानाराम मेघवाल, राजलदेसर के सतीश मारू, चूरू के मोहम्मद हुसैन निर्वाण, रतननगर के ओमप्रकाश मीणा, सुजानगढ़ के मोहम्मद ईदरीश गौरी, रतनगढ़ के रमेश इंदौरिया, तारानगर के सुरेंद्र सिंह राठौड़, मेलूसर के कल्याण सिंह शेखावत, तारानगर के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसवंत स्वामी, पूर्व सरपंच रामनिवास सहारण, ढीगली के संजय पूनिया, लुहारा के विद्याधर बेनीवाल, सुजानगढ़ के राधेश्याम अग्रवाल, लुहारा के गणेश ढाका, कातर छोटी के जैसाराम प्रजापत, तोलियासर के नरेश गोदारा, कुसुमदेसर के सुरेंद्र हुड्डा, पूर्व पार्षद अबरार खान, चूरू के मानवेंद्र बुडानिया, रतनगढ़ के रामनारायण व्यास, सरदारशहर के संजय दीक्षित, सहजूसर के शेर खान मलकाण, छापर के सत्यनारायण स्वामी, कांधलसर के भंवर लाल ढाका के अलावा जिला प्रमुख, नगर निकायों के अध्यक्ष एवं प्रशासक, संबंधित विभागों के प्रभारी अधिकारियों व जिला परिषद के मुख्य अधिशाषी अधिकारी एवं सचिव को सदस्य बनाया गया है। जिला कलक्टर इस समिति के सदस्य सचिव तथा मुख्य आयोजना अधिकारी संयोजक रहेंगे।

## उचित मूल्य दुकान के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** जिले की रतनगढ़, राजगढ़-सिद्धमुख, सरदारशहर, तारानगर एवं सुजानगढ़ तहसील में उचित मूल्य की दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला रसद अधिकारी सुरेंद्र महला ने बताया कि इच्छुक व्यक्तियों से उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन के दिशा-निर्देशों के तहत विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से लेकर 1 मई को सांय 6 बजे तक सशुल्क 100 रूपए भारतीय पोस्टल ऑर्डर के आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। नोटेरी, बुक स्टोर आदि से प्राप्त किए गए आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवेदक निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ भरा हुआ आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक जिला रसद कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवेदक रतनगढ़ तहसील में लधासर ग्रामीण में अनारक्षित, गोगासर 1/2 भाग ग्रामीण में अनारक्षित, जालेऊ ग्रामीण में महिला आरक्षित, राजलदेसर वार्ड न 15 शहरी में महिला आरक्षित, रतनगढ़ शहर में वार्ड न 2 8 व 26 शहरी में अनारक्षित, राजगढ़/सिद्धमुख तहसील में राघा बड़ी ग्रामीण में अनारक्षित, सांखू 1/3 भाग, रामसरा ताल, भूवाड़ी 1/2, हांसिया वास, कांजण, लम्बोर बड़ी ग्रामीण में अनारक्षित, विजयपुरा ग्रामीण में महिला आरक्षित, सुलखणिया बड़ा ग्रामीण में महिला आरक्षित, राजगढ़ वार्ड न 1, 15 , 21, 24 शहरी में महिला आरक्षित, राजगढ़ वार्ड न 28, 6, 37,10 व 14 शहरी में अनारक्षित, सिद्धमुख 1/2 शहरी में अनारक्षित, सरदारशहर तहसील में बादड़िया, साडासर 1/2 भाग, मितासर 1/2 भाग, पातलीसर बड़ा, मेहरी राजवियान 1/3 भाग ग्रामीण में अनारक्षित, भादासर उतरादा व जैतसीसर ग्रामीण में महिला आरक्षित, सरदारशहर वार्ड न. 31 शहरी में अनारक्षित, तारानगर तहसील के रैयाटुंडा, आनंदसिंहपुरा, लुडणिया छोटा, किलिपुरा, कोहिणा ग्रामीण में अनारक्षित व सारायण, ओजरिया ग्रामीण में महिला आरक्षित तथा सुजानगढ़ तहसील के खालिया, बडावर 1/2 भाग, बामणिया, जोगलिया 1/2 भाग, तेलाप, बोबासर बीदावतान ग्रामीण में महिला आरक्षित, मगरासर 1/2 भाग, श्यानण, बाड़ा, भोजलाई, खदाया, जैतासर 1/2 भाग, नोरंगसर, घोटड़ा, लिखमणसर, बाघसरा पूर्वी, हरासर 1/2 भाग ग्रामीण में अनारक्षित एवं सुजानगढ़ वार्ड न. 16, 5 व 37 शहरी में अनारक्षित श्रेणी में उचित मूल्य की दुकान के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## सुजानगढ़ के वार्ड 47 में होंगे उप चुनाव, कार्यक्रम घोषित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से सुजानगढ़ नगर परिषद के वार्ड 47 के रिक्त पड़े सदस्य का उप चुनाव करवाने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। उप चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं, जो चुनाव प्रक्रिया समाप्ति तक लागू रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर पालिका) जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने सुजानगढ़ एसडीएम को रिटर्निंग ऑफिसर तथा सुजानगढ़ तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। साथ ही प्रकोष्ठ गठन आदेश जारी कर विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार 21 अप्रैल शुक्रवार को लोक सूचना जारी की जाएगी। 25 अप्रैल तक (सवेरे 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) नामांकन प्रस्तुत किए जा सकेंगे। 26 अप्रैल को सवेरे 10.30 बजे से नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। 28 अप्रैल शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थिता वापस ली जा सकेगी। 29 अप्रैल शनिवार को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। 7 मई रविवार को सवेरे 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। 8 मई सोमवार को सवेरे 9 बजे से मतगणना की जाएगी। मतदान के दौरान मतदाताओं को अपनी पहचान साबित करने के लिए फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। किसी कारण से फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने मं असमर्थ रहने पर मतदान के लिए उसे राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से अनुमोदित 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। इन दस्तावेजों में आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आयकर पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी सरकारी पहचान पत्र, केंद्र सरकार या राज्य सरकार, राज्य पब्लिक लिमिटेड कंपनी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की ओर से अपने कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, श्रम मंत्रालय की ओर से जारी फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सक्षम अधिकारी की ओर से जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान पत्र, सक्षम प्राधिकारियों की ओर से जारी फोटोयुक्त शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/सहकारी बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक शामिल है।

## रेलवे स्टेशनों के सौन्दर्यकरण साथ ही यात्री सुविधाओं में होगा विस्तारः कस्वां

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** भारत सरकार के रेल मंत्रालय की ओर से शुरू की जा रही अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बीकानेर डिवीजन अन्तर्गत गोगामेड़ी सहित चूरू जिले के चार रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए 71 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी हुई है। बुधवार को चूरू आए सांसद राहुल कस्वां ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने अमृत भारत स्टेशन योजना लागू कर रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना में बीकानेर डिवीजन अन्तर्गत चूरू जिले चार और जोधपुर डिवीजन के एक स्टेशन के विकास की स्वीकृति जारी हो चुकी है। पत्रकारों को जानकारी देते हुए सांसद कस्वां ने बताया कि सादुलपुर रेलवे स्टेशन के लिए 19 करोड़ रुपए, चूरू 20 करोड़ रुपए, रतनगढ़ 18 करोड़ तथा गोगामेड़ी रेलवे स्टेशन के लिए 14.50 करोड़ रुपए सहित कुल 70 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों की पहली प्राथकिमता 12 मीटर चोड़ाई का फुट ब्रिज बनाया जाएगा। इस ब्रिज में दुकानें भी खोली जा सकेंगी और जनता की आवाजाही भी होगी। दुकानों के माध्यम से रिटेल कार्य होगा जिससे रिटेल की आया भी बढ़ेगी। सांसद कस्वां ने बताया कि सोफ्ट अपग्रडेशन के काम पर 32 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जहां पर पार्किंग की सुविधाओं का विकास एवं विस्तार होगा। पार्किंग के लिए नई जगह होगी। जिसके लिए जैसे चूरू रेलवे स्टेशन की रेल सीमा पर बनी चुंगी चैकी के स्थानान्तरण का प्रयास किया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर बने भवन की दीवारों पर स्थानीय सांस्कृति विरासतीय आधार पर वृत चित्र प्रदर्शित किए जाएंगे जिससे बाहर से आनेवाले पर्यटकों के लिए चूरू को जानने में सुविधा होगी तो नई पीढ़ी को जानकारी मिलेगी। इससे भवन को नया लुक मिलेगा तो ट्रेन डिसप्ले यूनिट बड़ी की जाएगी। सांसद ने बताया यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए बड़ा वेटिंग कक्ष बनाए जाएगा जो एसी युक्त होगा। उन्होंने बताया योजना अनुसार सभी महत्वपूण स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया जाएगा।

### रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

सांसद राहुल कस्वां ने इस दौरान रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे स्टेशन के चारों ओर निरीक्षण करते हुए जहां विकास के कार्य होने है उन स्थानों को देखा। सांसद ने रेलवे अधिकारियों से इस संबंध में चर्चा की और कहा कि रेलवे स्टेशन के विकास के प्रति भारत सरकार का रेल मंत्रालय प्रतिबद्ध है।
उन्होंने रेलवे अधिकारियों से यह भी कहा कि यात्रियों की सुविधाओं और रेलवे स्टेशन की साफ-सफाई पर विशेष फोकस रहना चाहिए।

## पीएमश्री योजना शिक्षा के विकास में मील का पत्थरः कर्नल राज्यवर्धन

### जयपुर ग्रामीण के 16 विद्यालयों का चयन

जयपुर टाइम्स



**सांभरलेक/जयपुर(निसं.)।** जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में पीएमश्री योजना (प्राइम मिनिस्टर स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना) के तहत 16 राजकीय विद्यालयों का चयन किए जाने पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का आभार व्यक्त किया है। कर्नल राज्यवर्धन ने इस योजना को शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताते हुए कहा मोदी सरकार में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहें है। इस योजना के तहत चयनित विद्यालयों का विकास कर नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लास, खेल और आधुनिक अवसंरचना पर विशेष ध्यान देकर स्कूलों में शिक्षा प्रदान करने का आधुनिक, परिवर्तनकारी और समग्र तरीका लाया जाएगा। योजना के तहत विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सभी घटकों का झलक दिखाई देगी और ये मॉडल स्कूलों की तरह कार्य करेंगे। इसके अतिरिक्त ये विद्यालय अन्य विद्यालयों के मार्गदर्शन का भी कार्य करेंगे। जयपुर ग्रामीण के विधानसभा क्षेत्र जमवारामगढ़ के दो, झोटवाड़ा के दो, विराटनगर के एक, आमेर के दो, शाहपुरा के दो, फुलेरा के तीन, कोटपूतली के तीन और बानसूर के एक विद्यालयों का पीएमश्री योजना के अंतर्गत चयन किया गया है। पीएमश्री योजना के अंतर्गत जयपुर ग्रामीण के 16 विधालयों का चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। क्षेत्रीय जनता, भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने सांसद का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

## पीएम मोदी बोले- गहलोत हमारे मित्र, राजनीतिक संकट में भी वक्त निकाला, काम के लिए हम पर भरोसा जताया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने जयपुर से दिल्ली कैंट के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जयपुर स्टेशन पर हुए उद्घाटन समारोह को दिल्ली से ही वीसी से संबोधित करते हुए पीएम ने कांग्रेस पर सियासी निशाना और सीएम गहलोत पर भी तंज कसा। मोदी ने कहा- गहलोत मेरे मित्र हैं, जो इन दिनों राजनीतिक आपाधापी और अनेक संकटों से गुजर रहे हैं। पीएम मोदी ने वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ समारोह को लाइव संबोधित करते हुए कहा, गहलोत जी का मैं विशेष रूप से आभार प्रकट करता हूं, कि इन दिनों वो राजनीतिक आपाधापी में उनका अनेक संकटों से वो गुजर रहे हैं। उसके बावजूद भी विकास के काम के लिए समय निकालकर आए। रेलवे कार्यक्रम में आकर हिस्सा लिया। मैं उनका स्वागत भी करता हूं, अभिनंदन भी करता हूं। मैं गहलोत जी को कहना चाहता हूं, गहलोत जी आपके तो दो-दो हाथ में लड्डू हैं। रेलमंत्री भी आपके राजस्थान के हैं और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन भी राजस्थान के हैं, तो आपके तो दो-दो हाथ में लड्डू हैं। यह कहकर मोदी ने ठहाके लगाकर हंसी छोड़ दी। मोदी ने आगे कहा, जो काम आजादी के तुरंत बाद होना चाहिए था, अब तक नहीं हो पाया। लेकिन आपका मुझ पर इतना भरोसा है कि वो काम भी आज आपने मेरे सामने रखे हैं। आपका ये विश्वास यही मेरी मित्रता की अच्छी ताकत है और एक मित्र के नाते आप जो भरोसा रखते हैं, इसके लिए मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करता हूं। आप सभी और राजस्थान को फिर से मैं बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधन की शुरुआत में कहा, राजस्थान के गवर्नर कलराज मिश्र, सीएम मेरे मित्र अशोक गहलोत, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, राजस्थान सरकार के मंत्री, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष, सांसद, विधायकों, सभी महानुभवों और राजस्थान के प्यारे भाईयों और बहनों। मां भारती की वंदना करने वाली राजस्थान की इस धरती को आज पहली वंदे भारत ट्रेन मिल रही है। दिल्ली कैंट अजमेर वंदे भारत एक्सप्रेस से जयपुर-दिल्ली आना जाना और आसान हो जाएगा। ये ट्रेन राजस्थान की टूरिज्म इंडस्ट्री को भी बहुत मदद करेगी। तीर्थराज पुष्कर हो या फिर अजमेर शरीफ, आस्था के ऐसे महत्व के स्थलों तक पहुंचने में भी अब श्रद्धालुओं को ज्यादा आसानी होगी।

### एक वंदे भारत की यात्रा करने पर लोगों के करीब 2500 घंटे बचते हैं

पीएम ने कहा, बीते दो महीनों में यह छठी वंदे भारत एक्सप्रेस है, जिसे हरी झंडी दिखाने का मुझे सौभाग्य मिला है। मुम्बई-शोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस, मुम्बई-शिरड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस, रानी कमलापति हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस, सिकंदराबाद-तिरूपति वंदे भारत एक्सप्रेस, चेन्नई-कोयम्बटूर वंदे भारत एक्सप्रेस और अब जयपुर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस आज शुरू हो रही है। जब से ये आधुनिक ट्रेने शुरू हुई हैं। जब से करीब 60 लाख लोग इन ट्रेनों में सफर कर चुके हैं। तेज रफ्तार वंदे भारत एक्सप्रेस की सबसे बड़ी विशेषता है, जो लोगों का समय बचा रही है। एक स्टडी है कि एक वंदे भारत की यात्रा करने पर लोगों के करीब 2500 घंटे बचते हैं। यात्रा में बचने वाले ये 2500 घंटे लोगों को अन्य कार्यों के लिए उपलब्ध हो रहे हैं। मेन्युफेक्चरिंग कौशल से लेकर सुरक्षा गारंटी तक, तेज रफ्तार से लेकर खूबसूरत डिजाइन तक वंदे भारत तमाम खूबियों से सम्पन्न है। यही सब खूबियों को देखते हुए आज देशभर में वंदे भारत ट्रेन का गौरव गान हो रहा है। वंदे भारत ने एक तरह से कई रेल की शुरुआत की है। वंदे भारत पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन है, जो मेड इन इंडिया है।
वंदे भारत पहली ऐसी ट्रेन है जो कॉम्पैक्ट और एफिशिएंट है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।